26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 14 जनवरी, 2026

अंक- 82 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# थोक महंगाई दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत की थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में दिसंबर 2025 के दौरान उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो पिछले आठ महीनों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि नवंबर में दर्ज किए गए 0.32 प्रतिशत के संकुचन के बाद आई है, जो बाजार विशेषज्ञों की 0.30 प्रतिशत की उम्मीदों से काफी अधिक है। दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति के सकारात्मक क्षेत्र में आने का मुख्य कारण विनिर्माण, खनिजों और खाद्य उत्पादों की कीमतों में हुआ बदलाव है। विनिर्मित उत्पाद इस श्रेणी में मुद्रास्फीति नवंबर के 1.33 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर में 1.82 प्रतिशत हो गई। इसमें मशीनरी, उपकरण, कपड़ा और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों का प्रमुख योगदान रहा।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर



7983187749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

उपलब्ध सुविधाएँ

- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

# माघ मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**प्रयागराज/हरिद्वार ( एजेंसी/चिंगारी )।** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आज सुबह से ही संगम पहुंचने वाले सभी मार्गों पर भारी भीड़ देखी गई। एंट्री प्वॉइंट पर ही वाहनों को रोक दिया गया गया है। एटीएस, पुलिस और पैरामिलिट्री के जवान मेले में सघन निगरानी में जुट गए हैं। बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति स्नान के चलते एक दिन पहले ही श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आज भी लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और यह क्रम लगातार जारी है। उधर तीर्थ नगरी हरिद्वार में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। प्रयागराज से मिली जानकारी मुताबिक मकर संक्रांति स्नान के लिए संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। आज सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। माघ मेले तक आने वाले सभी मार्गों पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। एंट्री प्वॉइंट पर ही वाहनों को रोक दिया जा रहा है। मेले के बाहर बनाए गए पार्किंग में वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। मेले में पुलिस और सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ गई है। एटीएस के साथ पैरामिलिट्री के लोग संगम समेत सभी घाटों पर निगरानी कर रहे हैं। संगम वॉच टॉवर से पूरे मेला क्षेत्र और स्नान घाटों की निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का क्रम जारी है। आज दोपहर बाद सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के कारण आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। मकर संक्रांति को लेकर लोगों में असमंजस बना रहा। जहां काफी लोगों ने आज मकर संक्रांति मानते हुए पवित्र संगम और हरिद्वार हर की पैड़ी सहित अनेक पवित्र स्थलों पर गंगा में डुबकी लगाई, वहां कल आस्था का सैलाब उमड़ने की संभावना है। बिजनौर में गंगा बैराज घाट पर आज भी काफी लोगों ने स्नान किया।



# त्रिशूल भारतीय संग्रहालय का काम पूरा नहीं होने तक दाढ़ी नहीं बनायेंगे नगर आयुक्त

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में स्थित त्रिशूल भारतीय संग्रहालय के समयबद्ध पूरा होने तक नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने रक्षामंत्री से दिल्ली में औपचारिक मुलाकात के समय एक अनूठा व्यक्तिगत संकल्प लिया है कि वह संग्रहालय के उद्घाटन से पहले दाढ़ी नहीं बनाएंगे। संग्रहालय के उद्घाटन का औपचारिक निमंत्रण दिल्ली आवास पर सौंपने के दौरान इस समर्पण और आत्म-अनुशासन की बात सुनकर रक्षा मंत्री कुछ पल के लिए स्तब्ध रह गए, फिर उन्होंने खुले मन से इसकी सराहना की और कहा कि जब अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति इतना गहरा लगाव और अनुशासन दिखाते हैं, तो ऐसे प्रोजेक्ट मात्र निर्माण कार्य नहीं रहते, बल्कि वे प्रेरणा और राष्ट्रगौरव का जीवंत प्रतीक बन जाते हैं।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर
आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 15 जनवरी 2026**

मेष- समय आशा के विपरीत, मानसिक अशांति, पारिवारिक कष्ट, धनहानि, मित्रों-सुपरिचितों से असहयोग, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, व्यर्थ भ्रमण।

वृषभ- अधूरे कार्यों की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आकस्मिक लाभ का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण।

मिथुन- ग्रहस्थिति अनुकूल, समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन की ओर रुचि, आनन्द की अनुभूति।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, विरोधी का षड्यन्त्र विफल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, पारिवारिक जीवन आनन्दमय, धर्म के प्रति आस्था।

सिंह- स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता, संकल्प-विकल्प से हानि, परिवार में किसी सदस्य के अवस्थ होने की मानसिक बेचैनी, नवसमस्याएं उत्पन्न, भौतिक सुख में कमी।

कन्या- दिनचर्या व्यवस्थित, व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, वाद-विवाद का समापन, सुसंदेश की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

तुला- सामयिक कार्यों में सफलता, अर्थपक्ष में सफलता की स्थिति, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आय के नवीन साधन उपलब्ध, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, यात्रा सफल।

वृश्चिक- दिनचर्या व्यवस्थित, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, जीवन साथी से सामंजस्य, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, प्रतियोगिता में सफलता, घरेलू वातावरण सुखद।

धनु- ग्रहस्थिति विपरीत, आशानुकूल सफलता में विलम्ब, धर्म के प्रति अरुचि, उलझनें प्रभावी, शत्रु सक्रिय, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्यक्षमता में कमी का अहसास।

मकर- कार्य-व्यवसाय में सफलता, कर्ज की अदायगी, आकस्मिक लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, सुख के साधन सुलभ।

कुम्भ- भाग्योन्नति हेतु प्रयास, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, जीवन साथी से सामंजस्य, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, धन संचय में प्रवृत्ति, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

मीन- व्यापारिक उन्नति, परोपकार की भावना जागृत, व्यक्तित्व का विकास, समस्याओं का पूर्ण समाधान, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन की ओर रुचि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# आतंकवाद के साये में मतदाता और राष्ट्रवाद की भावना

-विशेष मलिक



शामली निवासी शोधकर्ता विशेष मलिक का कहना है कि निर्भीक मतदान किसी भी लोकतांत्रिक देश में नागरिकों की समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उनके अनुसार, जब मतदाता भय या असुरक्षा की भावना के प्रभाव में निर्णय लेते हैं, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता दोनों प्रभावित होती हैं। विशेष मलिक ने मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.ए.) की शिक्षा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। वह तीन बार यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं और वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में शोधार्थी हैं। अपने एक शोध-लेख (अध्याय) में वह आतंकवाद के मनोवैज्ञानिक प्रभावों तथा उनके लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं-विशेष रूप से मतदाता व्यवहार और चुनावी निर्णयों पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण कर रहे हैं। उनका यह शोध कार्य डॉ. प्रजेंदु के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, जो श्री अरबिंदो कॉलेज के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं।

अपने शोध में उन्होंने यह पाया कि जब किसी क्षेत्र में चुनाव निकट होते हैं और उसी अवधि के आसपास कोई आतंकवादी हमला घटित होता है, तो मतदाताओं की मतदान में भागीदारी में उल्लेखनीय कमी देखी जाती है। भय, असुरक्षा और तनाव जैसी भावनाएं लोगों की निर्णय क्षमता को गहराई से प्रभावित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप तर्कसंगत और विवेकपूर्ण मतदान व्यवहार बाधित होता है। यदि वर्ष 2009 से 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर में हुए लोकसभा चुनावों पर दृष्टि डाली जाए, तो यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि जिन वर्षों में आतंकवादी घटनाओं की तीव्रता अधिक रही, उन वर्षों में मतदान प्रतिशत पर भी उसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।



विशेष मलिक का कहना है कि आतंकवादी घटनाओं के बाद मतदाता शिक्षा, रोजगार और आर्थिक नीतियों जैसे विकासात्मक मुद्दों से ध्यान हटाकर सुरक्षा-केंद्रित विषयों को प्राथमिकता देने लगते हैं। इस दौरान आतंकवादी घटनाओं के बाद सार्वजनिक विमर्श में शिक्षा, रोजगार और आर्थिक नीतियों जैसे विकासात्मक मुद्दों की तुलना में सुरक्षा-केंद्रित विषय अधिक प्रमुख हो जाते हैं।

अपने तर्क को सशक्त करने के लिए उन्होंने वर्ष 2019 में प्रकाशित India Today के एक ओपिनियन पोल सर्वे का संदर्भ दिया। सर्वे के अनुसार, जनवरी 2019 में बेरोजगारी 28 प्रतिशत मतदाताओं के लिए प्रमुख चिंता का विषय थी। हालांकि, पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद यह प्रतिशत घटकर 21 रह गया, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा 4 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह परिवर्तन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि आतंकवादी घटनाएं किस प्रकार मतदाताओं की भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को प्रभावित कर नीति-आधारित विमर्श को सुरक्षा-केंद्रित दिशा में मोड़ देती हैं। अपने शोध में उन्होंने मीडिया की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। उनके अनुसार, वर्ष 2000 के दशक से लेकर 2025 तक मीडिया का स्वरूप और प्रभाव क्षेत्र उल्लेखनीय रूप से विस्तृत हुआ है। जहां पहले सीमित संख्या में अखबार और टेलीविज़न चैनल ही सूचना के प्रमुख स्रोत थे, वहीं वर्तमान में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यमों की संख्या और पहुंच दोनों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

विशेष मलिक का कहना है कि जब भी देश में कोई आतंकवादी हमला होता है, तो मीडिया के माध्यम से उसकी जानकारी अत्यंत तीव्र गति से पूरे देश तक पहुंच जाती है। यद्यपि यह सूचना प्रसार लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, किंतु इसकी अत्यधिक और निरंतर कवरेज कई बार भय और असुरक्षा के वातावरण को और गहरा कर देती है। अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि आतंकवादी घटनाओं से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों की संख्या सीमित होती है, परंतु उनकी व्यापक मीडिया प्रस्तुति समाज के बड़े वर्ग को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करती है। ऐसी परिस्थितियों में यह भी देखा गया है कि आतंकवादी घटनाओं के बाद समाज के विभिन्न वर्ग-सामान्य नागरिकों से लेकर सशस्त्र बलों और पुलिस बलों तक राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की भावना के साथ एकजुट दिखाई देते हैं। यह सामूहिक प्रतिक्रिया स्वतंत्रता आंदोलन के उस दौर की स्मृति को जाग्रत करती है, जब देशहित में विभिन्न मतों और विचारधाराओं के लोग एक साथ खड़े हुए थे।

इसी संदर्भ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संसद में दिया गया यह कथन आज भी प्रासंगिक प्रतीत होता है- सरकारें आएंगी, जाएंगी; पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी; मगर यह देश रहना चाहिए। यह कथन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर राष्ट्र और उसकी लोकतांत्रिक आत्मा का संरक्षण सर्वोपरि होना चाहिए।

**जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाएँ और मतदान प्रतिशत (2009-2019)**

| वर्ष | आतंकवादी घटनाएँ | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2009 | 208 | 39.68% |
| 2014 | 91 | 49.66% |
| 2019 | 135 | 44.97% |

स्रोत: SATP; ECI

# मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना

जलगांव से नज़दीक यावल शहर में देवरे-सोनार फ़ैमिली के यहां क़य्यूम ख़ान उर्फ़ ख़ान बाबा (उम्र लगभग 100 साल) पिछले 60 वर्षों से सोने-चांदी की कारीगरी का काम कर रहे थे। वे शहर के क़ाज़ीपुरा इलाक़े में रहते थे। कम उम्र से ही ख़ान बाबा इसी सोनार फ़ैमिली के यहां काम करते आए थे। बढ़ती उम्र और बीमारियों ने जब उन्हें घेर लिया और वे काम करने में असमर्थ हो गए, तब भी देवरे-सोनार फ़ैमिली ने उन्हें कभी अलग नहीं किया, बल्कि अपने परिवार के सदस्य की तरह उनका ख़याल रखा। उम्र के चलते हुई बीमारी से ख़ान बाबा का इंतक़ाल हो गया। उनके इंतक़ाल के बाद भी इस सोनार फ़ैमिली ने इंसानियत की एक शानदार मिसाल पेश की। ख़ान बाबा के इंतेक़ाल की ख़बर मिलते ही, सोनार फ़ॅमिली के सभी रिश्तेदार पुणे मुंबई व दीगर शहरों से यावल में जमा हो गये। ख़ान बाबा की फ़ैमिली की ख़्वाहिश के मुताबिक़, मुस्लिम तरीक़े से इसी हिंदू परिवार के घर से उनका जनाज़ा उठाया गया। मुंबई और पुणे से आए सोनार फ़ैमिली के नौजवानों ने ख़ान बाबा को कंधा दिया और शहर के क़ब्रिस्तान में तद्फ़ीन होने तक उनके साथ रहे। नम आंखों से उन्होंने अपने ख़ान बाबा को आखिरी बार दीदार किया। यह वाक़या साबित करता है कि नफ़रत के इस दौर में भी इंसानियत मोहब्बत और भाईचारे की रिवायतें आज भी ज़िंदा हैं! मतलब, मोहब्बत और सामाजिक सौहार्द ही जिन्दगी को ख़ुशहाल बना सकते हैं!



प्रस्तुतिः इकबाल हिंदुस्तानी

-फतेह सिंह डागर की फेसबुक वॉल से

मेलों से अपनी संस्कृति से रू-ब-रू होते हैं : अनुपमा रावत (पेज 15)



# अमखेड़ा में तालाब में मिला अधेड़ का शव

## पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

धामपुर ( चिंगारी )। विकासखंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत आमखेड़ा संजरपुर के तालाब में आज सुबह 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अरविंद कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह के रूप में हुई है।

प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम अमखेड़ा संजरपुर निवासी अविवाहित अरविंद कुमार प्रतिदिन घर से कुछ दूरी पर स्थित घेर में सोने के लिए जाते थे तथा प्रातः काल घर पर आकर जानवरों की देखभाल कर उनका दूध



निकालते थे। आज सुबह जब अरविंद कुमार घर पर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरे में देखने पर पता चला कि कल शाम 7 बजे वह घेर में सोने के लिए गए थे। इसके बाद परिजनों ने जब गांव में उनकी तलाश की तो पता लगा कि एक व्यक्ति का शव गांव के पास स्थित तालाब में पड़ा हुआ है, जिस पर ग्राम प्रधान पति दीपक कुमार चौहान, नवीन चौहान, नकुल कुमार आदि मौके पर पहुंचे तथा शव की शिनाख्त अरविंद कुमार के रूप में की।

# मौहड़ा में अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत

धामपुर ( चिंगारी )। स्योहारा मार्ग स्थित ग्राम मोहड़ा में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की उम्र 70 वर्ष थी। घटना की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे, परंतु परिजनों ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही से इनकार कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम मौहड़ा निवासी राधेश्याम की आज प्रातः घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक ने 6 माह पूर्व एक 30 वर्षीय महिला से विवाह किया था। पहली पत्नी से उनके तीन लड़कियां हैं। दो लड़कियां विवाहित, एक विकलांग लड़की उनके साथ रहती है। बताया जाता है कि उसकी देखभाल के लिए उन्होंने विवाह किया था, परंतु आज सुबह उनकी मौत हो गई है। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पाकर वे मौके पर पहुंचे, परिजनों का कहना है बीमारी के कारण उनकी मौत हुई है, उन्होंने पुलिस कार्यवाही से इनकार किया है।

# स्वामी ओमवेश बोले- माता, समाज की निर्माता

बागपत ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के बागपत में बिनौली क्षेत्र के सिरसली गांव के वैदिक निकेतन में चल रहे चार दिवसीय अथर्ववेद पारायण महायज्ञ के तीसरे दिन राष्ट्र रक्षा सम्मेलन हुआ, जिसमें वैदिक विद्वानों ने राष्ट्र निर्माण व रक्षा के लिए चिंतन मंथन किया। सम्मेलन में आये बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व गन्ना मंत्री एवं विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि माता समाज की निर्माता है। आज माताओं को अपनी संतानों को संस्कारित करना होगा। हमारी युवा पीढ़ी राष्ट्र की रीढ़ हैं। युवा पीढ़ी स्वस्थ, संस्कारित व शिक्षित होगी तभी राष्ट्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आज समाज में बुराइयों व नशाखोरी के चलते तमाम विकृतियां पनप रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में महर्षि दयानंद की वैदिक विचारधारा को आत्मसात करने पर ही राष्ट्र की रक्षा संभव है। गुरुकुल वेद कुलम हरिद्वार के अधिष्ठाता आचार्य डा. सुनील आर्य ने कहा कि आर्य समाज की विचारधारा ही समाज को जागृत व राष्ट्र को उन्नत बना सकती है। वैदिक विद्वान प्रोफेसर सुरेंद्रपाल आर्य ने कहा कि तीन मौलिक अंग कृति, प्रकृति व संस्कृति है। यदि किसी राष्ट्र के ये तीनों अंग ठीक हैं तो वह राष्ट्र हर तरह से



सशक्त उन्नत होगा। साध्वी डा. प्राची दीदी, कन्या गुरुकुल शामली की आचार्य प्रगति भारती, आचार्य स्वाति व डा.हर्षिता ने भी विचार व्यक्त किए। आचार्य देवपाल के संचालन व स्वामी चंद्रदेव की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में आयोजन के व्यवस्थापक हरबीर सिंह आर्य ने अतिथियों को सम्मानित किया। प्रसिद्ध भजनोपदेशक सहदेव सिंह बेधड़क, पंडित राजवीर सिंह आर्य, मुकेश आर्य व विदुषी सविता आर्य ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# कल सेना दिवस मनायेगी पूर्व सैनिक कल्याण समिति

बिजनौर ( चिंगारी )। पूर्व सैनिक कल्याण समिति, बिजनौर द्वारा 15 जनवरी 2026 को सेना दिवस का आयोजन किया जाएगा। सूबेदार मेजर अरविंद कुमार वर्मा, महासचिव पूर्व सैनिक समिति बिजनौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम 15 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे से नई बस्ती स्थित बिजनौर टाइम्स के प्रधान कार्यालय के निकट जैन धर्मशाला में आयोजित होगा। सेना दिवस समारोह में जिले के सभी पूर्व सैनिक उनके आश्रित और नारियां व सेवारत सैनिकों के परिवार सादर आमंत्रित हैं। मेजर अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले के सभी गौरव सेनानियों, उनके परिवार सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में समारोह में भाग लें।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है !



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## देनी होगी मानवाधिकारों की शिक्षा

20वीं शताब्दी के अंत में मनुष्य ने पहले से कहीं अधिक हिंसक, निर्मम एवं अमानवीय दुनिया में कदम रखा। पर मनुष्य स्वभाव से आशावादी है। सब कुछ के बावजूद पीड़ित लोग अब भी पूरी दुनिया में उम्मीद का दामन थामे हुए हैं। यह जरूर है कि मनुष्य को दुनिया की सच्चाई को बदलने के लिए और अधिक सचेत एवं सतर्क पहल करने होंगे। इसके लिए मानवाधिकारों की शिक्षा पर खास तौर पर ध्यान देना होगा।

संकट के बावजूद मानवीय स्वभाव में निहित श्रेष्ठता की संभावनाओं को पुन: तलाश करते हुए उसे महसूस भी करना होगा। इसके द्वारा सकारात्मक उपलब्धियों एवं ऊंचाइयों के बारे में विवेचन कर भावी पीढ़ियों तक उसके हस्तांतरण को संभव बनाया जा सकता है। ऐसे क्षेत्रों में अतीत की उपलब्धियों के प्रति उदासीनता न केवल अतीत को नकारती है बल्कि सामाजिक जीवन के उच्चतर क्षेत्रों में प्रवेश करने की समाज की क्षमता को भी कमजोर करती है। अतीत के आलोचनात्मक चिंतन से सामाजिक चेतना में बढ़ोत्तरी होती है, जो न केवल लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था के लिए बल्कि लोकतांत्रिक ढंग से जीवन जीने के लिए आवश्यक माहौल तैयार करती है। इस प्रयास को व्यक्तिगत, सामूहिक, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर जारी रखने की आवश्यकता है। मानवाधिकार शिक्षा, इस प्रक्रिया में मील का पत्थर साबित होगी। मानवाधिकार शिक्षा के तीन अलग- अलग पहलू हो सकते हैं- विकासवादी, सुधारात्मक तथा रूपांतरकारी। ये सभी पहलू जरूरी तौर पर एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, फिर भी उनके अपने अलग-अलग महत्व हैं।

विकासवादी शिक्षा, मानवाधिकार शिक्षा के प्रति सबसे अधिक सुग्राह्य दृष्टिकोण है। यह दृष्टिकोण सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था को मान कर चलता है। इसे व्यापक रूप से संतुलन केंद्रित कहा जा सकता है। इसमें बदलाव की संभावना कम होती है। यह आमतौर पर सीखने वाले को सूचना को ऊर्जा में तब्दील करने की क्षमता नहीं देता है। यदि सीखने वाले बच्चे हैं तो उन्हें अधिकारों की सूची को रटने तथा उसे परीक्षा में उतारने की जरूरत होगी। ऐसे में अधिकांश प्रशिक्षु कक्षा में पढ़ाए गए मानवाधिकारों को परीक्षा हाल से बाहर याद रखने की जहमत नहीं उठाते।

# माता वैष्णव देवी मेडिकल कॉलेज बंद होने पर जश्न?



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

**संविधान में अल्पसंख्कों को तो अपनी शैक्षिक संस्थायें खोलने का विशेष अधिकार दिया गया है, लेकिन किसी बहुसंख्यक धार्मिक स्थल के दान से खोली गयी संस्था को वहां केवल बहुसंख्यक छात्रों को प्रवेश देने की कोई व्यवस्था संविधान में नहीं है। एक ओर हमारा बहुसंख्यक समाज यह दावा करता है कि हम वसुधैवकुटुंबकम यानी सारे विश्व को एक परिवार मानते हैं।**

क्या आपने कभी सुना है कि किसी मेडिकल कॉलेज की मान्यता निरस्त होने पर जश्न मनाया गया हो? जम्मू के माता वैष्णव देवी मेडिकल कॉलेज के बंद होने पर कुछ अंधभक्तों ने मिठाई बांटी। वजह यह थी कि इस कॉलेज में एमबीबीएस के लिये कुल हुए 50 एडमिशन में से 42 बच्चे मुसलमान थे। इसका विरोध करने वालों का कहना था कि जिस कॉलेज को स्थापित करने में एक मंदिर के दान का धन लगा है, वहां मुसलमानों का प्रवेश नहीं होना चाहिये। इन्होंने मुसलमानों के 42 दाखिले रद्द कराने के चक्कर में अपने ही हिंदू व सिख समाज के 8 छात्रों की भी परवाह नहीं की। इन साम्प्रदायिक नफ़रती और संकीर्ण सोच के लोगों को यह भी नहीं पता कि जिन मुस्लिम छात्रों को इस कॉलेज में प्रवेश मिला था, उन्होंने इसके लिये मेरिट के आधार पर नीट पास किया था। नेशनल मेडिकल कौंसिल का कॉलेज की मान्यता निरस्त करना भी कई गंभीर सवाल खड़े करता है। चार महीने पहले ही एनएमसी ने सारी औपचारिकतायें पूरी करने के बाद इस कॉलेज को एमबीबीएस की कक्षायें चालू करने की अनुमति दी थी, तो अचानक हिंदूवादी संगठनों के राजनीतिक दबाव में उसको कॉलेज में ढेर सारी कमियां कैसे नज़र आ गयीं, जिससे उसने एक गलत मांग को पूरा करने के लिये यह संविधान विरोधी कदम उठाने में तनिक भी लज्जा महसूस नहीं की। क्या हमारी सभी संवैधानिक संस्थायें स्वायत्त कहलाने के बाद भी भगवा रंग में रंगी जा रही हैं। संविधान में अल्पसंख्कों को तो अपनी शैक्षिक संस्थायें खोलने का विशेष अधिकार दिया गया है, लेकिन किसी बहुसंख्यक धार्मिक स्थल के दान से खोली गयी संस्था को वहां केवल बहुसंख्यक छात्रों को प्रवेश देने की कोई व्यवस्था संविधान में नहीं है। एक ओर हमारा बहुसंख्यक समाज यह दावा करता है कि हम वसुधैवकुटुंबकम यानी सारे विश्व को एक परिवार मानते हैं। दूसरी तरफ राजनीतिक लाभ के लिये उसका ही एक अंधभक्त वर्ग पूरे मुस्लिम समाज से इस हद तक नफ़रत और बदले की भावना रखता है कि उसको हर मामले में मुसलमानों का विरोध करना है।




वह मुसलमानों के मामूली अपराधों को भी तथाकथित जेहाद से जोड़कर पूरे मुस्लिम समाज को निशाने पर लेता है। हमारा कहना है कि सरकारी स्तर पर खोले गये किसी भी सार्वजनिक शैक्षिक संस्थान में धर्म, जाति और राजनीति के आधार पर मुसलमानों का ही नहीं किसी भी वर्ग का विरोध नहीं किया जाना चाहिये। दूसरी तरफ मुसलमानों को भी चाहिये कि जितना धन और मेहनत वे मस्जिद और मदरसों पर खर्च करते हैं, उससे अधिक मेडिकल, इंजीनियरिंग और दूसरे हायर एजुकेशन के प्रोफेशनल कॉलेजों व यूनिवर्सिटियों पर खर्च कर अपने पैरों पर खड़े हों और साथ ही दूसरे समाज के कमज़ोर गरीब और प्रतिभाशाली छात्रों को भी उसमें न्यूनतम फीस पर एडमिशन दें, तो दूसरे धर्मों के लोगों में भी उनके लिये दिल में जगह बनेगी, जैसा कि ईसाई, सिख और जैन समाज के लोग सबसे अधिक स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और समाजसेवा के काम करके अपने समाज के लिये दूसरे लोगों के दिल में जगह बनाते आ रहे हैं। एक शेर याद आ रहा है- **खुद ही कर बुलंद इतना कि हर तक़दीर से पहले, खुदा बंदे से यह पूछे कि बता तेरी रज़ा क्या है।**

## दुनिया की सबसे बड़ी आबादी अभिषाप या उपहार?

भारत इस समय विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बना हुआ है। हिंदूवादी नेता आयेदिन जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग करते रहते हैं। विहिप के पूर्व मुखिया प्रवीण तोगड़िया ने हाल ही में यह मांग दोहराई है। दरअसल उनको इस तरह की मांग से अल्पसंख्यक मुसलमानों को टारगेट कर अपना हिंदू वोट बैंक मज़बूत बनाने का राजनीतिक मकसद पूरा करना अधिक होता है। उनको यह पता नहीं है कि जब चीन दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश था, तो उसने एक बच्चे का कानून बनाया था। इसके बाद जब इस नीति से चीन को नुकसान हुआ तो उसने 2016 में यह कानून खत्म कर दिया। फिर चीन ने तीन साल तक के बच्चों के पालने के लिये सालाना 42000 सरकारी मदद देनी शुरू की। कई राज्यों ने वहां दूसरा व तीसरा बच्चा पैदा होने पर एकमुश्त बड़ी रकम देनी शुरू की। यहां तक कि बच्चों की पढ़ाई और परवरिश पर खर्च में बड़ी आयकर छूट भी दी, लेकिन आबादी एक बार घटने लगी तो फिर किसी भी तरह बढ़ी नहीं। अब सारे उपाय नाकाम होने पर चीन ने गर्भनिरोधक पर भारी कर लगाया है, जिससे लोग अधिक बच्चे पैदा करें, लेकिन जनता का कहना है कि बच्चों को पालना गर्भनिरोधक पर अधिक टैक्स देने से महंगा है। भारत में टीएफआर यानी टोटल फर्टिलिटी रेट 2.1 यानी आबादी स्थिर रहने पर आ गयी है। अगर यह इससे भी कम हुयी तो हमारी हालत भी चीन जैसी हो जायेगी।

## उमर ख़ालिद और शरजील इमाम को बिना जुर्म सज़ा?

युवा छात्र नेता और सोशल एक्टिविस्ट उमर खालिद और शरजील इमाम को सरकार ने पांच साल से दिल्ली दंगों के आरोप में जेल में बंद किया हुआ है। हम यह नहीं कह सकते कि वे बेकसूर हैं, लेकिन वे अभी तक दोषी भी साबित नहीं हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट का रूख़ भी इस मामले में अजीब है। एक तरफ कोर्ट कई बार यह कह चुका है कि ज़मानत नियम है और जेल अपवाद, दूसरी तरफ वही कोर्ट उमर और शरजील को पांच साल से ज़मानत नहीं दे रहा है। यह एक तरह से न्याय की प्रक्रिया को ही दंड बना देने जैसा है। दूसरी तरफ बलात्कारी और हत्या के कुछ अपराधियों को बार-बार पेरोल फरलो और ज़मानत तक दी जा रही है। भाजपा सरकार और उसकी पुलिस पर निष्पक्षता के लिये भरोसा नहीं किया जा सकता। वह पहले ही सीएए जैसा धर्म के आधार पर मुसलमानों से पक्षपात करने वाले का कानून बना चुकी है। इसी गैर संवैधानिक कानून के खिलाफ ये दोनों नेता भी चर्चित शाहीन बाग़ आंदोलन में शामिल थे। बाद में दिल्ली में हुए संदिग्ध दंगों में इन दोनों के साथ ही कई दर्जन आंदोलनकारियों को दंगों की साज़िश का आरोप लगाकर जेल भेज दिया गया। कोर्ट बार-बार इनकी ज़मानतों को खारिज करता आ रहा है। सरकार, पुलिस और कोर्ट के इस आश्चर्यजनक और विवादित रूख़ की भारत ही नहीं पूरे विश्व में निष्पक्ष बुद्धिजीवी लगातार आलोचना करते रहे हैं। लेकिन इस बार तो हद ही हो गयी, जब कोर्ट ने इनको ज़मानत न देने के साथ ही इनकी ज़मानत अर्जी दाख़िल करने पर भी एक साल की रोक लगा दी। अंग्रेजी अख़बारों ने इसकी तीखी आलोचना भी की है। यह सब इतिहास में दर्ज हो रहा है।

**( नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)**

# जज के घर में हुई चोरी का खुलासा, दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर में प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड के आवास में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस व सर्विलांस/एसओजी की संयुक्त टीम ने दो महिलाओं समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये अभियुक्तों से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य सामान बरामद किया है। वहीं इस मामले में तीन आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

20 दिसंबर को स्वाति वर्मा, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, बिजनौर के आवास विकास कॉलोनी स्थित सरकारी आवास से चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। इस संबंध में एक जनवरी को कोतवाली शहर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को कोतवाली शहर पुलिस व सर्विलांस/एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले का सफल अनावरण किया। पुलिस ने मनोज वर्मा निवासी शम्भा बाजार, कीर्ति वर्मा निवासी कांशीराम कॉलोनी हाल निवासी



ऋषिकेश और रीता निवासी धामपुर हाल निवासी देहरादून को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में गिरफ्तार महिला अभियुक्त कीर्ति वर्मा ने बताया कि चोरी का सामान उसे उसके मित्र सोनू शर्मा ने उपलब्ध कराया था। उसने बताया कि चोरी की वारदात में सोनू शर्मा और उसके दोस्त घनश्याम शामिल थे। चोरी किया गया कुछ सामान अभियुक्तों ने अलग-अलग स्थानों पर छिपा दिया था और शेष को बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो कंगन, दो सोने की चेन, अंगूठियां, गिन्नी, कान की बाली, एलसीडी टीवी, नकदी, कपड़े, बैग व अन्य घरेलू सामान बरामद किया है। इस मामले में सोनू शर्मा, घनश्याम सिंह और सुरेश अभी फरार हैं। सीओ सिटी संग्राम सिंह का कहना है कि जज के आवास पर हुई चोरी के मामले में दो महिला सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी किया गया अधिकांश सामान बरामद कर लिया गया है। मुख्य आरोपी सोनू शर्मा व उसका दोस्त घनश्याम जेल में बंद हैं, जिन्हें रिमांड लेकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## विश्व पुस्तक मेले में वनिका पब्लिकेशन्स पर हुआ कई पुस्तकों का विमोचन

**बिजनौर (चिंगारी)।** राजधानी दिल्ली में इन दिनों विश्व पुस्तक मेला चल रहा है। बिजनौर के लिये यह गौरव की बात है कि इस मेले में यहां की साहित्यकार डॉ. नीरज सुधांशु के वनिका पब्लिकेशन्स का भी स्टॉल है, जहां अनेक पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। डा.नीरज सुधांशु के अनुसार भालचन्द जोशी, राकेश बिहारी, डॉ. सुनीता, हरियश राय, सुभाष चन्दर, कमलेश पाण्डेय, डॉ.अंकित शर्मा, श्रीविलास सिंह, बलराम अग्रवाल, जयन्ती रंगनाथन, नीलिमा शर्मा, विनय पवार, नासिरा शर्मा, डॉ. नीरज शर्मा, सुभाष शर्मा, अंजु शर्मा के कर कमलों द्वारा पुस्तकों का विमोचन किया गया।



## मुख्यमंत्री से मिलीं कमलेश सैनी

**चांदपुर (चिंगारी)।** निवर्तमान विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान कराने का अनुरोध किया। खादर क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ से होने वाले नुकसान की रोकथाम के लिए तटबंध बनवाने, चांदपुर-धनौरा मार्ग व चांदपुर-नूरपुर मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के साथ-साथ जनभावना का सम्मान करते हुए जनपद बिजनौर को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने सहित कई विषयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



# चांदपुर में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्व



आर्य समाज



पंजाबी सभा

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर में लोहड़ी पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर में दो स्थानों पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा देर रात तक ढोल की थाप पर झूमते रहे।

आर्य समाज चांदपुर में सांध्यकालीन यज्ञ हवन के साथ लोहड़ी पर्व का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य यजमान मनोज भाटिया व सिमरन भाटिया तथा दीपेश तनेजा व उनकी पत्नी मुख्य यजमान रहे। बाद में परम्परागत ढंग से लोहड़ी में अग्नि प्रज्वलित कर देश के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। कुलदीप विद्यार्थी ने लोहड़ी पर्व के महत्व को बताया। सांस्कृतिक व अंताक्षरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान उमेश गोयल, अतुल भाटिया, कृष्ण अवतार बैंकर्स, पंकज वैश्य, कृष्ण कुमार, प्रेम कुमार, संजीव बंसल काके, अरविन्द बंसल, विवेक कर्णवाल, श्रीमती एकता कर्णवाल, अमित गोयल, श्रीमती सीमा गोयल, विभोर मित्तल बीकेजी वाले, दीपक मित्तल, धर्मेन्द्र अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अमित माहेश्वरी सहित सर्वसमाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

दूसरी ओर वेद मंदिर में पंजाबी सभा की ओर से लोहड़ी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विनय अरोड़ा, बोधराज अरोडा, डा. प्रदीप भाटिया व डा. दीपक अरोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से लोहड़ी प्रज्वलित की गई। श्रीमती राज भाटिया ने स्वागत गीत व छोटे- छोटे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में इस वर्ष भी शिक्षा व अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अंगद भाटिया, अभय बजाज, मेघा भाटिया, महिमा बजाज, मोहित भाटिया, विधि भाटिया, पलक नारंग, अभिलाषा भाटिया, चिराग अरोड़ा, हर्ष भाटिया आदि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा. अमन भाटिया, विकास भाटिया, राजन भाटिया, संजय भाटिया, यतिन भाटिया, विवेक भाटिया, जितेन्द्र भाटिया, आकाश कपूर, सुरेन्द्र भाटिया, भारत भूषण आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर भाटिया ने किया।

## भाटिया परिवार ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व



**बिजनौर (चिंगारी)।** नई बस्ती स्थित भाटिया हाउस पर भाग्य भाटिया पुत्र सुमित भाटिया की पहली लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सबने भांगड़ा किया और भाग्य भाटिया को आशीर्वाद दिया। हरबंस भाटिया, हितेश भाटिया, कपिल भाटिया, सार्थक, रुद्राक्ष, रिद्धि, कोमल, गर्वित, गौरव खरबंदा, ज्योति खरबंदा, प्रीति खरबंदा, आशु खुराना, रॉकी, नरेश खुराना, गोल्डी खुराना, टिक्कू खुराना, कमल मदान, सपना मदान के द्वारा आए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा लोहड़ी हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, परिश्रम के महत्व और आपसी एकता का संदेश देती है। कार्यक्रम के अंत में सभी को लोहड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

# सफाई कर्मियों को वर्दी, जूते दिये



सफाई कर्मचारियों को गर्म वर्दी और जूते देते हुए पालिकाध्यक्ष श्रीमती विमला देवी व ईओ श्रीमती सीमा वर्मा।

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद हल्दौर द्वारा समस्त सफाई कर्मचारियों को गर्म वर्दी व जूते वितरित किये गये। मंगलवार को पालिका कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी, अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा व सभासदगणों ने समस्त सफाई कर्मचारियों को गर्म वर्दी तथा जूते वितरित किये। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष पति दीपक सैनी, सहित समस्त सभासदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी अजय मोहन शर्मा, अरुण कुमार, अंकित कुमार, मौहम्मद नौशाद, तेजपाल सिंह, जितिन कुमार, संजय सिंह, नरेंद्र कुमार शक्ति, राहुल एवं अश्वनी आदि उपस्थित रहे।

# रासेयो शिविर का शुभारंभ

**हल्दौर ( चिंगारी )।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का सात दिवसीय आयोजन समग्र विद्यालय ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर में ग्राम प्रधान सागर सिंह एवं पर्यवेक्षक चारु राजपूत का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। शिविर का संचालन कर रहे जयपाल सिंह ने शिविर को प्रारंभ किया और कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का उद्घाटन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान सागर सिंह ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण समाज में जागरूकता, सेवा भावना और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं। वहीं पर्यवेक्षक चारू राजपूत ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, स्वच्छता, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत कुमार ने सभी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



शिविर में पूर्व शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, उमेशचन्द्र गहलौत, जयपाल सिंह, कॉलेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा, संजय सलिल, पवित्र कुमार, अवनीश कुमार, रजनीश कुमार, सचिन कुमार, अमरदीप कुमार, भाषा रानी आदि उपस्थित रहे।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र अमान तारिक व उसकी पत्नी शहाना को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-तारिक महमूद पुत्र महमूद हसन, निवासी मोहल्ला मिर्दगान, थाना व तहसील बिजनौर**

# 'उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान' कार्यक्रम में ग्रामीण कलाकारों का किया सम्मान



**धामपुर ( चिंगारी )।** विकास खंड अल्हैपुर के डबाकरा हॉल में 'उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान' कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2025 से 26 का आयोजन ब्लॉक प्रतिनिधि एवं समाजसेवी नीरज प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद के संचालन में किया गया। उत्सव में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार तथा एडीओ समाज कल्याण सतेंद्र कुमार द्वारा लोक संगीत तथा लोक नाट्य से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों के कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर व पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कलाकारों द्वारा हमारी संस्कृति हमारी पहचान के बारे में भजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। ब्लॉक प्रतिनिधि द्वारा भारत की संस्कृति के प्रति जागरूक रहकर उसे जीवित रखने में युवा पीढ़ी को नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। एबीडीओ द्वारा हमारी संस्कृति हमारी पहचान के बारे में प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में घासीराम आर्य, ममता देवी, कुसुम, संगीता, दीपक कुमार, कौशल कुमार, राजेश ठाकुर, ग्राम पंचायत सचिव नसीम अहमद, हिमांशु कुमार, त्रिवेंद्र सिंह, अंकुश कुमार, सहदेव, शानूमति, मोनिका चौहान सहित समूह की महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

# मकर संक्रान्ति पर्व पर निकली फूल डोलयात्रा



मकर संक्रांति पर्व पर फूल डोलयात्रा को कंधे पर लिए कमेटी के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में फल चौक स्थित मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंगलवार की सायं मंदिर से फूल डोलयात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी ने मंदिर में स्थापित ठाकुर जी का पूजन कराया, इसके पश्चात लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति को पालकी यात्रा में स्थापित किया गया तथा जयकारों के बीच पालकी को मंदिर के अध्यक्ष विभु प्रकाश बंसल, सचिव पवन अग्रवाल एडवोकेट, आशीष अग्रवाल आदि लेकर बाहर आए। पालकी यात्रा में सबसे आगे उत्साही युवक भगवा ध्वज पताका लेकर चल रहे थे। उनके पीछे बैंड बाजे की मधुर धुने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर रही थी।

पालकी यात्रा पुरानी सब्जी मंडी बजरिया, चवन्नी चौराहा, राधा कृष्ण मंदिर, बड़ा जैन मंदिर, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, मैन मार्केट होते हुए मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बिहू बंसल सर्राफ, पवन अग्रवाल एडवोकेट, अमरीश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, हंसी अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, हनी अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अर्पित गुप्ता, पूर्व सभासद लाजपत राय अग्रवाल, मुखिया, मुरली अग्रवाल, विजय चेयरमैन सहित भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। फूलडोल पालकी यात्रा का फल चौराहे पर समाजसेवी वीरेंद्र रस्तौगी, रवि प्रकाश रस्तौगी, योगेश रस्तौगी के परिवार की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके अलावा पालकी यात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# कोहरा व शीत लहर, रोडवेज की आय पर डाल रहे असर

**धामपुर ( चिंगारी )।** पिछले 15 दिन से लगातार घने कोहरे और शीतलहर ने परिवहन सुविधाओं को भी प्रभावित किया है। मौसम से जहां ट्रेन के पहियों की रफ्तार धीमी हो गई है, वहीं रोडवेज की आय पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। प्रतिदिन रोडवेज बस स्टैंड और नगीना चौराहे से नगर के विभिन्न स्थानों के लिए जाने वाली रोडवेज बसें घने कोहरे और शीतलहर के कारण पर्याप्त मात्रा में यात्रियों को नहीं ले जा पा रही है। ठंड के कारण महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग यात्रा करने से बच रहे हैं। जिन लोगों को आवश्यक कार्य से ही बाहर जाना होता है वही बस में सफर कर रहे हैं। बस चालकों ने बताया कि 60 सीटर बस में मुश्किल से 5 से 7 सवारी ही सफर कर रही है। जिस कारण रोडवेज बस के तेल का खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि मौसम की मार का प्रभाव रोडवेज की आमदनी पर भी पड़ा है। उन्होंने बताया कि घना कोहरा शीतलहर और ठंड के कारण रोडवेज को प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है।

**रोज हो रहा दो लाख का घाटा**

# कोकाकोला कम्पनी ने दुकानदारों के साथ चाय पर उनकी समस्याओं को सुना

## कुछ का तुरंत समाधान भी किया



**चिड़ियापुर/लालढांग ( चिंगारी )।** कोका-कोला कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर ओ.पी. ट्रेडर्स के सौजन्य से मंगलवार को चिड़ियापुर स्थित एक होटल में कंपनी के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ही डिस्ट्रीब्यूटर क्षेत्र के कोका-कोला कंपनी से जुड़े दुकानदारों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लालढांग, गैंडी खाता, चिड़ियापुर, गुर्जर बस्ती, श्यामपुर आदि जगह के दुकानदारों ने अपने-अपने विचार रखें। वहीं कंपनी के अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया तथा कुछ दुकानदारों द्वारा रखी गयी समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया तथा कुछ का उन्होंने कंपनी स्तर पर भेज कर समाधान करने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने कंपनी द्वारा दुकानदारों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को विस्तारपूर्वक समझाया तथा योजना में भाग लेकर लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लकी ड्रा द्वारा इनाम का आयोजित किया गया। लकी ड्रा के विजेता लाल ढांग के जुनैद रहे, जिन्हें कंपनी के शिवमित्र शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं कंपनी द्वारा सभी दुकानदारों को कोका-कोला कंपनी की ओर से पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कोका-कोला कंपनी के दिनेश प्रताप सिंह, अर्णव त्यागी के साथ ही कंपनी के स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर देवाशीष अग्रवाल, डिस्ट्रीब्यूटर क्षेत्र के दुकानदार मुख्य रूप से शामिल हुये।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में प्रदर्शन किया




चांदपुर ( चिंगारी )। माकपा व किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने वेनजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को तुरंत रिहा किये जाने तथा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में तहसील पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि मनरेगा का नाम न बदला जाये। नये नाम से मनरेगा का स्वरूप ही बदल जाएगा। देश के सभी हिस्सों में अल्पसंख्यकों के मन से भय का वातावरण खत्म कर सामाजिक समरसता दिये जाने, आसाम राज्य में जातीय दंगों को समाप्त कर जन-धन की सुरक्षा की गारंटी दिये जाने, अरावली पर्वत माला का अस्तित्व समाप्त न किये जाने, बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हो रही हत्याओं को रोके जाने तथा भविष्य में वहां रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था किये जाने, स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट लागू किये जाने, 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर किसान को पांच हजार रुपए मासिक पेंशन दिये जाने, नलकूपों पर मीटर न लगाए जाने व बिजली की दरें न बढ़ाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में का. अमर सिंह सैनी, किसान सभा के जिलाध्यक्ष तुलाराम, रवेन्द्र त्यागी, दयाराम सिंह, हरपाल सिंह, का. मांगेराम, बाबू सिंह, अमित कुमार, कृष्ण कुमार, महिपाल सिंह, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

# बार कौंसिल के चुनाव में सीओपी अथवा बार कौंसिल का प्रमाण-पत्र लाना जरूरी

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के चुनाव में सीओपी अथवा बार कौंसिल से प्रदत्त अधिवक्ता प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है। 16 और 17 जनवरी को चुनाव हेतु मतदान होगा।**

बार कौंसिल के चुनाव कॉर्डिनेटर और प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामावतार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव हेतु मतदान सेंटर हाल सभागार में किया जाएगा। उन्होंने बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा जारी सूचना का हवाला देते हुए बताया कि चार चरणों में होने वाले इस चुनाव में पहले चरण में 16 जनवरी और 17 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा। बिजनौर में बिजनौर और धामपुर के अधिवक्ता अपने मतों का उपयोग करेंगे, जबकि चांदपुर के अधिवक्ता चांदपुर में चुनाव कॉर्डिनेटर सुश्री बुशरा खुर्शीद की देखरेख में, नजीबाबाद के अधिवक्ता नजीबाबाद में ही सिविल जज(जूनियर डिविजन) एकलव्य सरोज की देखरेख में तथा नगीना के अधिवक्ता नगीना में ही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम सिंह की देखरेख में अपने-अपने मतों का उपयोग करेंगे। कोई भी प्रत्याशी मतदान स्थल से 100 मीटर की दूरी तक कोई भी पोस्टर या बैनर या प्रचार सामग्री नहीं लगा सकेंगे, साथ ही मतदान स्थल में अस्त्र-शस्त्र और मोबाइल पर भी प्रतिबंध रहेगा। मतदान स्थल में केवल वही अधिवक्ता प्रवेश कर पाएंगे जिनका नाम मतदाता सूची में होगा। यह भी बताया कि मतदाता मतपत्र में केवल हिंदी/अंग्रेजी/ या रोमन अंकों में ही वरीयता क्रम में अंकित करें। शब्द या अक्षर का प्रयोग नहीं करेंगे।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल



बिजनौर ( चिंगारी )। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सालय, बिजनौर नवनिर्मित 200 बेडेड अस्पताल भवन में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने बताया कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर आग जैसी आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए इस प्रकार के अभ्यास अत्यंत आवश्यक हैं। मॉकड्रिल के दौरान अस्पताल परिसर में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, कर्मचारियों एवं सिक्योरिटी स्टाफ की उपस्थिति में आग लगने की स्थिति का सजीव अभ्यास किया गया। इस मॉकड्रिल में फायर स्टेशन बिजनौर की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में दीपक कुमार, राधेश्याम शर्मा एवं अरुण कुमार के नेतृत्व में फायरमैन विशाल तोमर, लवीश महिवाल, निशांत शर्मा एवं कुलदीप कुमार द्वारा आग बुझाने एवं रेस्क्यू की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने कहा कि अस्पताल में कार्यरत प्रत्येक डॉक्टर, कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी को फायर सेफ्टी के सभी उपकरणों का प्रयोग आना चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# विकसित भारत यंग लीडर्स में भाग लेकर नंदिनी माथुर ने बिजनौर का नाम रोशन किया




बिजनौर ( चिंगारी )। नगर के प्रसिद्ध युवा उद्यमी सौरभ माथुर की सुपुत्री नंदिनी माथुर ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में यूथ आइकन एवं पाथ ब्रेकर के रूप में भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया। यह कार्यक्रम प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा 9 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जहां नंदिनी ने देश के प्रधानमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय मंच पर अपने विचार प्रस्तुत किये। बता दें कि नंदिनी माथुर बनस्थली विद्यापीठ की विधि की छात्रा हैं। नंदिनी महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे यूनिसेफ इंडिया की यूथ क्रिएटर भी हैं और जमीनी स्तर पर सामाजिक परिवर्तन हेतु सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस विशेष अवसर पर नंदिनी ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न युवा केंद्रित मुद्दों पर संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने कई अन्य सांसदों और विधायकों से भी मुलाकात कर सामाजिक न्याय और युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की। नंदिनी का कहना है कि अनुभवी राजनेताओं के साथ इस वार्ता ने उनके विजन को और मजबूती प्रदान की है।

## प्रभावी अभिव्यक्ति ने नंदिनी को विशेष पहचान दी

**शोध, विश्लेषणात्मक सोच और प्रभावी अभिव्यक्ति नंदिनी की विशेष पहचान है। उनका उद्देश्य समान विचारधारा वाले व्यक्तियों और संगठनों के साथ मिलकर लैंगिक समानता, मानवाधिकार और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाना है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में उनका चयन और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ उनका यह संवाद बिजनौर और उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायी उपलब्धि है।**

# परिषदीय स्कूल की मिताली व कशिश कर रही हैं राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग




बिजनौर ( चिंगारी )। कंपोजिट विद्यालय सकलपुर मिलक विकास क्षेत्र जलीलपुर में अध्यनरत मिताली एवं कशिश माध्यमिक विद्यालयों की राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही हैं। यह प्रतियोगिता 13 जनवरी से 17 जनवरी तक झारखंड राज्य की राजधानी रांची में हो रही है। जनपद के लिए एक गौरव का विषय है। जिला प्रशासन एवं जिला शतरंज संघ के संयुक्त प्रयासों से जनपद में शतरंज खेल की गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं तथा बिजनौर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा आसपास के जिलों के लिए एक शतरंज का केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसी का परिणाम है कि आज जनपद में 10 से अधिक खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी हैं तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में आज शतरंज खेलने का माहौल है एवं अधिकतर बच्चों के पास उनके शतरंज बोर्ड हैं, अध्यापकों को भी इसके लिए प्रशिक्षित किया गया है। जिला शतरंज एसोसिएशन के सचिव तथा राज्य संसाधन समूह के सदस्य दुष्यंत कुमार ने बताया कि इन बच्चियों ने लगन एवं परिश्रम से जिले का नाम रोशन किया है। भविष्य में जिले से कोई अंतराष्ट्रीय मास्टर अथवा ग्रैंड मास्टर निकले ऐसा हम मिलकर संयुक्त प्रयास कर रहे हैं।

# लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया, ढोल की थाप पर भंगड़ा पाया


किरन उत्सव मण्डप बिजनौर में लोहड़ी का पर्व मनाते हुए।


पंजाबी कॉलोनी में लोहड़ी का पर्व मनाते हुए सिख समाज के लोग।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** युवा पंजाबी संगठन द्वारा पंजाबी कॉलोनी में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक धाम पर गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से लोहड़ी का पर्व मनाया गया।

सर्वप्रथम ज्ञानी सतविंदर द्वारा समाज और देश की खुशहाली और उन्नति के लिए अरदास की, युवा पंजाबी संगठन द्वारा उन्हें पगड़ी भेंट की व गुरु ग्रन्थ साहिब जी के लिए रुमाला साहिब भेंट किया गया, इसके बाद अग्नि प्रज्वलित की गई और खील, रेवाड़ी, मूंगफली का प्रसाद वितरण किया गया।


किरन उत्सव मण्डप में भंगड़ा करतीं महिलाएं।

ज्ञानी जी द्वारा नवजात शिशुओं को और नवविवाहित जोड़ों को लोहड़ी की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके बाद युवाओं ने डीजे और ढोल की थाप पर जमकर झूमे और समाज के बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर ने लोहड़ी के पावन पर्व पर सभी को बधाई दी और प्रसाद वितरण में सहयोग किया। युवा पंजाबी संगठन ने भाजपा जिला महामंत्री विनय राणा, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, राजवीर सिंह, कुलदीप राजवंश, कपिल राजपूत, अक्षय कुमार, जगदीश सैनी, दुष्यन्त कुमार, हितेष सैनी, कपिल भाटिया, धर्मेंद्र पहलवान, केडी भारद्वाज, राजीव सोती आदि का अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। युवा पंजाबी संगठन की ओर से संजय गिलहोत्रा, डिम्पल मदान, संजीव खेड़ा, महेश मदान, मानव सचदेवा, जैलेश खुराना, प्रदीप खुराना, हैप्पी सचदेवा, प्रिंस सचदेवा, कमल खुराना, अंश गोयल, सन्नी मदान, इशु गिलोत्रा, जितेन्द्र सिंह राणा, शालू खेड़ा, रॉकी, सहज खेड़ा, पारस मदान, राघव खेड़ा आदि ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## उज्जवल व रिया की पहली लोहड़ी मनाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पंजाबी सभा बिजनौर द्वारा उज्जवल व रिया की पहली लोहड़ी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी ने उज्जवल व रिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। पंजाबी सभा के सदस्य व युवा ढोल की थाप पर थिरके। सर्वश्री अनिल गंभीर, सुरेंद्र कपूर, राजीव अरोड़ा, दीपक अरोड़ा, मानव सचदेवा, सुनील गावड़ी, वरूण अरोड़ा, हनि सिंह, बब्बल सिंह, सुनील गंभीर, परवनी गंभीर, अभिषेक गंभीर, अनिल मदान, विमल मदान, नीरव अरोड़ा, नमन गंभीर, अभिषेक, अनिल लूरियान, गोल्डी लूरियान आदि मौजूद रहे।



स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शैलेंद्र चौधरी।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अपना दल (एस) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने युवाओं व किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी भारत के युवा वर्ग को दिशा देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, संघर्ष व आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाया। आज का युवा अगर उनके विचारों को अपनाए तो देश को कोई ताकत पीछे नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि देश का किसान व युवा अगर संगठित व जागरूक हो जाए तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र चौहान, संजय सिंह, अरविंद चौधरी, अनुभव चौधरी, मनोज शर्मा, स्किल, वकील अहमद, जिशान अहमद, अमित वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजनौर के होनहार क्रिकेटर आरिज़ आलम सिद्दीकी का उत्तर प्रदेश अंडर-14 टीम में चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) और जनपदवासियों के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि बिजनौर के उदीयमान क्रिकेटर आरिज़ आलम सिद्दीकी पुत्र श्री महताब आलम निवासी कोतवाली देहात का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-14 स्टेट टीम में हुआ है। आरिज़ अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



यह टीम 15 जनवरी से इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित होने वाले 'ऑल इंडिया अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट' में हिस्सा लेगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में छह राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की टीमें आमने-सामने होंगी।

इस उपलब्धि पर बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित कर खुशी जाहिर की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. ए.के. अग्रवाल ने की। बैठक में सचिव लक्ष्यराज त्यागी, दीपक भटनागर, नागेन्द्र सारस्वत, संजीव चौधरी, शेखर चौधरी, अमित श्रीवास्तव, मानव सचदेवा, अजय जैन, परोपकार सिंह, अनुज त्यागी, डॉ. अमृतांशु अग्रवाल, साकिब, अमित भटनागर, मो. मोहसिन, चितवन शर्मा और पुनीश कुमार सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आरिज के अंडर 14 में चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए, उसके उज्वल भविष्य की कामना की और खिलाड़ियों को यह भी सूचना दी कि upca.knp@gmail.com की साइट खुल गई है खिलाड़ी अपने रजिस्ट्रेशन करवा कर स्लिप जमा करते समय अपने मूल प्रमाण-पत्र साथ लेकर आएं।

# लगातार हनुमान जी की मूर्ति की परिक्रमा कर रहा कुत्ता

## आस्था का केंद्र बना मंदिर



नगीना के ग्राम नंदपुर में मंदिर पर मौजूद ग्रामीण व भाजपा नेता।

## देखने के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

**नगीना ( चिंगारी )।** अगर आप यह मानते हैं कि भक्ति करना सिर्फ हम मनुष्यों को आता है तो यह बात अपने मन से तुरंत निकाल दीजिए। हम इंसानों की तरह पशुओं में भी भगवान के प्रति श्रद्धा और आस्था होती है। इसका उदाहरण मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम नंदपुर स्थित प्राचीन मंदिर में देखने को मिला, जब एक कुत्ता हनुमान जी की मूर्ति की परिक्रमा करते हुए लगातार दिखाई दिया। कुत्ते की इस परिक्रमा को देखने के लिए गांव में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

क्षेत्र के ग्राम नंदपुर में स्थित नंदलाल देवता महाराज का मंदिर पिछले दो दिनों से लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र बना हुआ है। दरअसल पिछले 24 घंटे से एक कुत्ता मंदिर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति की परिक्रमा करने में लगा है। स्थानीय ग्रामीण इसे चमत्कार मानते हुए पूजा–अर्चना के काम में लग गए हैं। नगीना–बढ़ापुर मार्ग पर स्थित ग्राम नंदपुर में यह प्राचीन सिद्ध पीठ है। गांव के लोगों का दावा है कि सोमवार की तड़के करीब चार बजे मंदिर में पूजा–अर्चना करने आए किसी ग्रामीण की नज़र हनुमान जी की मूर्ति के चारों तरफ परिक्रमा कर रहे एक कुत्ते पर पड़ी। काफी देर तक यह नजारा देखने के बाद उस ग्रामीण ने



ग्राम नंदपुर में स्थित मंदिर में मौजूद हनुमान जी की मूर्ति के चक्कर लगाता कुत्ता।

आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी तो देखते ही देखते मंदिर के पास श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। ग्रामीणों का दावा है कि कुत्ते ने सुबह 4 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक लगातार हनुमान जी की मूर्ति की परिक्रमा की तथा यह प्रक्रिया मंगलवार को भी इसी तरह जारी है।

ग्रामीणों का दावा है कि कुत्ता बिना खाए–पिए परिक्रमा के कार्य में लगा है। एहतियात के तौर पर ग्रामीणों ने हनुमान जी की मूर्ति को पॉलिथीन से ढक दिया है। मंगलवार को भी पूरे दिन ग्रामीण पूजा अर्चना के काम में लग रहे। ग्रामीणों का दावा है कि कलयुग में यह भगवान का एक चमत्कार है। ग्रामीण भगवान भैरव के दर्शन के रूप में पूजा–अर्चना कर रहे हैं। मंगलवार की दोपहर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, सोहन सैनी, डॉ. भूपेश चौहान आदि भी वहां पहुंचे तथा ग्रामीणों के साथ पूजा–अर्चना कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## ये बोले ग्रामीण



इस कलयुग में मनुष्य द्वारा किए जाने वाले चमत्कार के बारे में तो सुना था, मगर किसी जानवर या कुत्ते द्वारा मंदिर पहुंचकर बिना कुछ खाए बराबर परिक्रमा करना कभी नहीं सुना था। यह सब क्या हो रहा है, उनकी समझ से परे है।

**– तुषार सैनी, ग्रामीण।**



मंदिर काफी प्राचीन है, हमारे देश में चमत्कार होते रहते हैं। यह कोई पालतू कुत्ता नहीं है.. इसे चमत्कार क्यों न मानें, क्या कोई हमें बता सकता है। पहले दिन कुत्ते को मंदिर से भगाने के लिए ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया गया, लेकिन वह इस स्थान को छोड़ने को तैयार ही नहीं है।

**– वीर सिंह 70 वर्षीय वृद्ध।**



उनका पूरा जीवन इसी गांव में बीता है। इसमें तनिक भी संशय नहीं है कि कुत्ता परिक्रमा लगा रहा है। इस मंदिर में गांव के नंदलाल देवता की मूर्ति स्थापित है। नंदलाल जी कब किस शक्ति के रूप में यहां आ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। मैं तो यही कहूंगा कि जो दिख रहा है वह सत्य है।

**– राम सिंह सैनी 75 वर्षीय वृद्ध।**

## व्यापारियों ने बैग चोरी के खुलासे की मांग की



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने नगर के रेलवे स्टेशन स्थित एक प्रतिष्ठान से बैग चोरी के मामले में पीड़ित व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उनसे मुलाकात कर चोरी के संबंध में जानकारी लेकर पुलिस से जल्दी ही चोरी का खुलासा करने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, उपाध्यक्ष फरहाद खान, मीडिया प्रभारी डीके, शाखा मंत्री दिलशाद, अमन, अनस, अरशद, मोनू राजपूत, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## लेडीज गारमेंट्स स्टोर का उद्घाटन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज आदमपुर उर्फ आदोपुरे रेलवे स्टेशन रोड पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पंकज भारद्वाज, जिला सहकारी संघ के पूर्व वाइस चेयरमैन ओमपाल सिंह प्रधान जी, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, वैक्टर एकेडमी के डायरेक्टर अंकित त्यागी और स्टूडेंट्स फ्यूचर काउंसलर कल्पना त्यागी, जयवीर सिंह काकरान, मोहित कुमार, जशवंत राजपूत ने अक्षी कलेक्शन नाम से लेडीज़ गारमेंट्स स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अक्षी कलैक्शन की प्रोपराइटर दीपा ढाका ने बताया कि हमारे यहां महिलाओं के लिए साड़ी, शूट, दुपट्टे, स्टाल के साथ रेडीमेड सूट सहित सभी लेडीज़ गारमेंट्स थोक रेट में मिलेगा। इस अवसर पर मास्टर भूपेंद्रपाल सिंह, सतेंद्र ढाका, मोहित कुमार, देवेंद्र ढाका, पुष्पेंद्र ढाका, रीता तोमर, बालेश देवी, प्राची ढाका, निधि ढाका, शगुन तोमर, कृष तोमर, यशस्वी तोमर आदि उपस्थित रहे।

# 'प्लेनेटरी हेल्थ डाइट' से टलेगा प्रीमेच्योर डेथ का खतरा

## ऐसी डाइट, जो शरीर की सेहत के साथ रखे धरती की सेहत का ख्याल

खाना ऐसा खाओ कि शरीर की सेहत तो अच्छी हो ही, धरती की भी सेहत बनी रहे। हवा, पानी, मिट्टी, जमीन और आसमान सबके हितों की रक्षा हो। एक लाइन में कहें तो 'प्लेनेटरी हेल्थ डाइट' यानी डाइट जो हमारे प्लैनेट की रक्षा करे। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में पब्लिश एक स्टडी में दावा किया गया है कि 'प्लेनेटरी हेल्थ डाइट' को फॉलो करके प्रीमेच्योर डेथ के खतरे को 30प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। यह स्टडी हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने की है। स्टडी के मुताबिक ऐसा इसलिए संभव हो पाता है क्योंकि प्लेनेटरी हेल्थ डाइट फॉलो करने से दुनिया में मौत के सबसे बड़े कारण यानी कार्डियोवस्कुलर डिजीज, कैंसर और लंग डिजीज के खतरे कम हो जाते हैं। इस डाइट का दूसरा बड़ा फायदा यह है कि हमारे प्लैनेट यानी पृथ्वी की सेहत भी बेहतर बनी रहती है। इससे आने वाले समय में क्लाइमेट चेंज, हरियाली, तापमान में बड़े सुधार देखने को मिल सकते




### फल और सब्जियां खाने पर है जोर

❍ प्लेनेटरी डाइट प्लान में पहली शर्त है कि थाली के 1/2 हिस्से में सब्जी और फल हों।

❍ हमें कोशिश करनी चाहिए कि इसमें ज्यादातर फल और सब्जियां मौसमी हों।

❍ इसमें हर तरह के रंग शामिल हों। ब्रोकोली, गाजर, शिमला मिर्च जैसी चीजें हों।

❍ सप्ताह में कम-से-कम 30 अलग-अलग प्रकार की सब्जियां खानी चाहिए।

❍ प्लेनेटरी हेल्थ डाइट में स्टार्ची फूड को भी जगह दी गई है। आलू और शकरकंद खा सकते हैं।

❍ रिफाइंड अनाज की जगह साबुत अनाज खाएं।

❍ अपने आहार में फलियां जैसे बीन्स, दाल और मटर को शामिल करें।

❍ नियमित रूप से मेवे और सीड्स खाएं।

रेड मीट और प्रोसेस्ड मीट का सेवन सीमित करें।

❍ कोशिश करें कि खाना घर पर ही पकाएं और उसे ज्यादा तलें नहीं।

❍ कम-से-कम दो मील्स आगे का प्लान पहले से बनाकर रखें।

❍ मील्स में नए स्वाद के लिए कभी-कभी छोटे-मोटे बदलाव करें।

❍ प्लेनेटरी हेल्थ डाइट फॉलो कर रहे लोगों की कम्युनिटी का हिस्सा बनें।




### थाली में होल ग्रेन्स होना जरूरी

❍ प्लेनेटरी डाइट प्लान में करीब 15 प्रतिशत हिस्सा होल ग्रेन्स से भरा हो।

❍ कोशिश होनी चाहिए कि हम साबुत अनप्रोसेस्ड अनाज खाएं।

❍ अगर आटा खा रहे हैं तो उसका चोकर न हटाया गया हो।

❍ साबुत गेहूं, जौ, क्विनोआ, जई, ब्राउन राइस और इनसे बने फूड आइटम्स खाएं।



प्लेनेटरी हेल्थ डाइट' कई बीमारियों का हल बन सकती है। इस थाली में स्थानीय और मौसमी फल-सब्जियों को शामिल करने की बात कही गई है। इसका मतलब है कि यह थाली बहुत महंगी नहीं है। स्वस्थ रहने की बुनियादी शर्त है प्रकृति के करीब रहना, फिर चाहे वह हमारा भोजन हो या जीवन के दूसरे आयाम।

### प्रोटीन के लिए नहीं डेयरी प्रोडक्ट्स और मीट की मनाही

❍ प्लेनेटरी डाइट प्लान में प्रोटीन की जरूरत पर जोर दिया गया है। ❍ हमें करीब 10 प्रतिशत प्लांट बेस्ड प्रोटीन खाना चाहिए। इसके लिए बीन्स और नट्स खाने चाहिए। ❍ वीगन और वेजिटेरियन डाइट की तरह डेयरी प्रोडक्ट्स और मीट की मनाही नहीं है। ❍ प्रोटीन के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स और मीट दोनों खा सकते हैं। ❍ हालांकि, रेड मीट, बेकन और सॉसेज जैसे प्रोसेस्ड मीट खाने से बचना चाहिए।

### हेल्दी और अनसैचुरेटेड फैट का इस्तेमाल

❍ प्लेनेटरी हेल्थ डाइट की खास बात है कि इस थाली में ऑयल को भी जगह दी गई है।

❍ हमें फैट से बचने के लिए अपनी थाली से तेल नहीं स्किप करना चाहिए।

❍ फैट के इस्तेमाल में इस बात का ध्यान रखें कि यह प्लांट बेस्ड हो और अनसैचुरेटेड हो।

## ज्ञान मुद्रा से बढ़ायें एकाग्रता



एक व्यक्ति चाहता है कि वह जीवन में बुद्धिमान बने और इसके लिए ज्ञान मुद्रा अत्यंत लाभकारी है। इस मुद्रा से बुद्धिमता, श्रवण शक्ति और एकाग्रता में वृद्धि होती है। इसके अभ्यास से मस्तिष्क को सक्रिय और केंद्रित बनाया जा सकता है। हमारा शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है आकाश, वायु, पृथ्वी, अग्नि और जल। इन्हीं तत्वों का प्रतीक हमारे हाथ की पांच उंगलियां है। अंगूठा, अग्नि तत्व, तर्जनी वायु तत्व, मध्यमा आकाश तत्व, अनामिका पृथ्वी तत्व और कनिष्का जल तत्व का प्रतीक है। सुजोक चिकित्सा के अनुसार अंगूठा मस्तिष्क का प्रतीक है। जैसे हमारा मस्तिष्क पूरे शरीर को नियंत्रित करता है, वैसे ही अंगूठा सभी उंगलियों को नियंत्रित करता है। जब हम तर्जनी (वायु तत्व) और अंगूठे (अग्नि तत्व) के अग्रभाग को मिलाते हैं तो यह एक ऊर्जा का सर्किट बनता है। जैसे बिजली की धारा दिखाई नहीं देती पर प्रवाहित होती है। उसी प्रकार मुद्रा से ऊर्जा प्रवाह शुरू होता है और मस्तिष्क सक्रिय तथा शांत होता है। ज्ञान मुद्रा लगाने के लिए आराम से पदमासन, सुखासन या किसी भी ध्यान मुद्रा में बैठें। हाथों को घुटनों पर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। तर्जनी के अग्रभाग को अंगूठे के अग्रभाग से स्पर्श कराएं। बाकी तीन उंगलियां को सीधा रखें। आंखे बंद करें। पीठ सीधी रखें और शरीर को ढीला छोड़ दें। धीरे-धीरे श्वास-प्रश्वास पर ध्यान केन्द्रित करें। जब आप इस मुद्रा में ध्यान करते हैं तो आपका मन शांत होता है और एकाग्रता बढ़ती है।

-योगाचार्य ढाकाराम

एक लकड़हारे ने घायल चिड़िया की देखभाल की। उससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने कहा, 'श्याम, तुमने मेरे प्राणी की सेवा की, यह मेरी सच्ची पूजा है।'

## जीव की सेवा ही सच्ची पूजा

एक गांव में श्याम नाम का लकड़हारा रहता था, वह मेहनती था, पर गरीबी के कारण उसके परिवार को दो वक्त की रोटी के लिए सोचना पड़ता था। हर सुबह, वह जंगल जाता और मंदिर में भगवान शिव को एक फूल चढ़ाकर काम शुरू करता। उसकी भक्ति सच्ची थी, पर मन में एक सवाल हमेशा रहता, 'क्या भगवान मेरी पुकार सुनते हैं?' एक दिन, जंगल में उसे एक घायल चिड़िया मिली, उसका पंख टूटा था। वह उड़ नहीं पा रही थी। श्याम ने उसे उठाया, घर लाया और उसकी देखभाल की। उसने सोचा, 'यह ईश्वर की रचना है, इसकी सेवा ही मेरी भक्ति है।' उसने चिड़िया को प्यार से 'मिट्ठू' नाम दिया और रोज उसकी देखभाल की। धीरे-धीरे मिट्ठू ठीक हो गई। एक रात, श्याम ने सपने में भगवान शिव को देखा। उन्होंने कहा, 'श्याम, तुमने मेरे प्राणी की सेवा की, यह मेरी सच्ची पूजा है। जंगल में एक पेड़ के नीचे खजाना है, उसे ले लो।' सुबह श्याम जंगल गया और उस पेड़ के नीचे खोदने पर उसे सोने के सिक्के मिले। उसने उस धन से गांव में एक छोटा-सा आश्रम बनवाया, जहां वह घायल परिंदों की देखभाल करने लगा। श्याम को भक्ति और दया ने न केवल उसका जीवन बदला, बल्कि गांव के लोग भी उससे प्रेरित होकर परिंदों और प्रकृति की रक्षा करने लगे। श्याम लोगों से कहता, 'सच्ची भक्ति तो, हर जीव की सेवा में है। ईश्वर हमारी पुकार सुनते हैं, हमें विश्वास रखना होगा।'

## आंखों को स्वस्थ रखने के लिये करें व्यायाम

**1** हथेलियों को सेंक: यह सबसे प्रचलित तरीका है। इससे आंखों को आराम मिलता है और आंखों की थकान कम होती है। अपनी हथेलियों को रगड़कर हल्का गर्म करें, फिर आंखें बंद करें और अपनी हथेलियां आंखों पर रखें। कुछ देर गहरी सांस लें। इसे रोजाना 3 से 4 बार करें।



**2** आंखों को गोल घुमाएं : यह व्यायाम रोशनी बढ़ाने, तनाव कम करने और आंखों की मांसपेशियां मजबूत बनाने में सहायक है। सिर बिना मोड़े आंखों को दाएं से बाएं और फिर ऊपर से नीचे की ओर घुमाएं।

**3** आठ का चित्र बनाएं : ये व्यायाम आंखों की मांसपेशियों का लचीलापन बढ़ाता है। इस व्यायाम के लिए अपनी आंखों से 8-10 फीट दूर दीवार की ओर देखें और आंखों से 8 का चित्र बनाने की कोशिश करें।

**4** पलकें झपकाना: इससे आंखों की थकान दूर होती है और आंखों में कुदरती आंसू बनते हैं। इसे करने के लिए काम के बीच छोटा-सा ब्रेक लें। आंखों को कुछ सेकेंड के लिए बंद करें, थोड़ी देर रुकें और फिर आंखें खोलें। ऐसा जल्दी-जल्दी करें।

**5** फोकस बदलना: लैपटॉप, टीवी, मोबाइल पर घंटों लगे रहते हैं तो इस व्यायाम को करें। यह व्यायाम आंखों की थकान दूर करता है। इसके लिए पहले पास की वस्तु देखें और फिर दूर रखी वस्तु पर फोकस शिफ्ट करें। इसे रोजाना 4 से 6 बार दोहरा सकते हैं।

# महिंद्रा के दो नये मॉडलों की भव्य समारोह में लॉन्चिंग

## आधुनिक फीचर्स के साथ पेश की गई XUV 7X0 व इलैक्ट्रॉनिक XEV 9S

**बिजनौर ( चिंगारी )**। महिंद्रा के शोरूम तिरुपति व्हिकल्स प्रा.लि. पर आगामी पीढ़ी के दो शानदार मॉडलों XUV 7X0 7 सीटर व इलैक्ट्रॉनिक XEV9S 7 सीटर की लॉन्चिंग की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सी.पी. सिंह, पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान व इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के चेयरमैन अवनीश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सूर्यमणि रघुवंशी एवं तिरुपति व्हिकल्स प्रा.लि. के चेयरमैन दीपक गर्ग व श्रीमती प्रतिमा गर्ग तथा अनुज विश्नोई ने केक काटा। इसके बाद गणमान्य व्यक्ति की



मौजूदगी में जैसे ही अतिथियों ने महिंद्रा के दोनों नये मॉडलों पर से पर्दा हटाया, महिंद्रा शोरूम परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर तिरुपति व्हिकल्स प्रा.लि. के एमडी के दीपक गर्ग, अनुज विश्नोई, राघव गर्ग, जीएम श्री अनूप, अकाउंट जीएम विकास व दीपक पाण्डे, जीईवी एस.एम. आलोक भारद्वाज, एजीएम विशाल, अंकित राठी, अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे। इनके अलावा गणमान्य व्यक्तियों में सर्वश्री अशोक चौधरी, सुंदर गोयल, विश्वास विश्नोई, आशीष जैन, अमित अग्रवाल एयरटेल, विजयदीप बबलू, ओमप्रकाश कौशल आदि की उपस्थिति रही।

तिरुपति व्हिकल्स प्रा.लि. के एमडी अनुज विश्नोई एवं राघव गर्ग ने बताया कि XUV 7X0 7 सीटर आधुनिक फीचर्स के साथ उपलब्ध हैं। इनमें ADAS-LABLE 2 की सुविधा मिलती है। महिंद्रा डांस के शानदार फीचर्स के साथ एक अनोखा व प्रीमियम साउंड सुविधा है, जो 16 स्पीकर के साथ उपलब्ध है। जबकि 7 सीटर इलैक्ट्रॉनिक कार में SKY ROOF के साथ-साथ RAW भी VENTILATED मिलती है। इसमें ड्राइवर व को-ड्राइवर सीट भी ऑटोमेटिक हैं, जो कि इस 7 सीटर इलैक्ट्रॉनिक एसयूवी को और भी अलग बनाती है।



# जिला बार ने किया बाबू बलवंत सिंह को जिताने का आह्वान

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिला बार एसोसिएशन बिजनौर ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में सदस्य पद के प्रत्याशी बाबू बलवंत सिंह एडवोकेट को समर्थन देते हुए अधिवक्ताओं से उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वाहन किया। मंगलवार की अपराह्न



विरेंद्र सिंह बार हॉल में बाबू बलवंत सिंह के समर्थन में आयोजित सभा में अधिवक्ताओं ने बलवंत सिंह को पूर्ण समर्थन देते हुआ कहा कि सभी अधिवक्ता उन्हें प्रथम वरीयता का मत दें। जिला बार के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, संजीव अग्रवाल 'बबली', निरंकार सिंह, सत्यप्रकाश चौहान, वर्तमान अध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव विशाल अग्रवाल, राकेश सिंह, गंगाराम आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं के उज्जवल भविष्य के लिए बाबू बलवन्त सिंह का जीतना बहुत जरूरी है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह कि अध्यक्षता व वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम चिकारा के संचालन में आयोजित सभा में अधिवक्ताओं ने एक मत होकर बाबू बलवंत सिंह का समर्थन करने का निर्णय लिया। अपने स्वागत व समर्थन से अभिभूत बाबू बलवंत सिंह ने कहा कि उनका जीवन अधिवक्ताओं के हितों के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने जाति, धर्म, वर्ग, संप्रदाय से ऊपर उठकर केवल अधिवक्ता को देखा है और उनके सुख-दु:ख के साथी रहे हैं। सभा में गंगाराम, विनोद तोमर, मुनेश चाहल, प्रसून कुमार, करतार सिंह, आशीष चौधरी, अनिल चौधरी, विवेक चौधरी, हरेंद्र सिंह, नवदीप सिंह, अलोक गोविल, नफीस जाफरी, नफीश कुरैशी, संजीव चौधरी आदि अधिवक्ताओं ने बाबू बलवंत सिंह का स्वागत किया।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। साहनपुर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का फाइनल मैच डीलर 11 क्रिकेट क्लब ने जीता। फाइनल मैच के मुख्यातिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख व बसपा के विधानसभा प्रभारी अबरार आलम एडवोकेट ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि अबरार आलम ने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में अगर उन्हें मौका मिला तो वह नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र को दस खेल के स्टेडियम देने का काम करेंगे। नगर पंचायत साहनपुर के ईदगाह मैदान में पिछले कई दिनों से चल रहे साहनपुर प्रीमियर लीग के इस टूर्नामेंट में लगभग आठ टीमों ने भाग लिया था। फाइनल के मुख्यातिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख व बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी अबरार आलम एडवोकेट ने विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 60 हजार और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 30 हजार नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया, साथ ही अन्य खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी देकर उसका हौसला बढ़ाया। अबरार आलम एडवोकेट ने कहा कि सभी ने अपने जोश एवं खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया है, उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए, ताकि युवाओं, खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता रहे। इस मौके पर अधिवक्ता कसीम अहमद एड., फहीम एडवोकेट, सभासद सद्दन, नौशाद अख्तर, आकिब कमर एड., सरताज राईन आदि बड़ी संख्या में वक्ताओं ने अपने विचार रखे।



# मकर संक्रांति को लेकर रहा कन्फ्यूजन, कुछ ने आज तो बाक़ी कल मनायेंगे

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )**। मकर संक्रान्ति को लेकर इस बार भी भारी कन्फ्यूजन रहा। कुछ लोग मकर संक्रान्ति आज मना रहे हैं, तो कुछ व्यक्ति कल मनायेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने मकर संक्रांति का अवकाश कल 15 जनवरी को घोषित किया है। जिस दिन सूर्य देवता धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हुए उत्तरायण होते हैं, उस दिन को मकर संक्रान्ति कहते हैं। कुछ ज्योतिषियों का कहना है कि आज रात 9 बजकर 35 मिनट पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में शास्त्रों के अनुसार संक्रान्ति का पर्व उदया तिथि के आधार पर 15



जनवरी को मान्य होगा, जबकि कुछ ज्योतिषियों का कहना है कि सूर्य आज अपराहन 3 बजकर 13 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसलिये आज मकर संक्रान्ति और षटतिला एकादशी दोनों व्रत- पर्व एकसाथ हैं।

इस दिन जप, तप, दान, स्नान, श्राद्ध, तर्पण का विशेष महत्व बताया जाता है। कहा भी गया है-

**माघे मासे महादेव यो दास्यति घृतकम्बलम ।**
**स भुक्तवा सकलान भोगान अन्ते मोक्षं प्राप्यति ।।**

अर्थात इस अवसर पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर पुन: प्राप्त होता है। शुद्ध घी एवं कम्बल का दान मोक्ष की प्राप्ति करवाता है। इसी के चलते श्रद्धालुओं ने आज मकर संक्रान्ति पर सामर्थ्यानुसार दान-पुण्य किया। इस दिन गंगा स्नान एवं गंगा तट पर दान को अत्यन्त शुभ माना गया है। लेकिन भयंकर ठंड के कारण इक्का-दुक्का व्यक्ति ही स्थानीय गंगा घाट पर गंगा स्नान करने के लिये पहुंचे। यह भी मान्यता है कि इस दिन भगवान सूर्यदेव अपने पुत्र शनिदेव से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूंकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अत: इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है। इस दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे - पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। जबकि महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने को इसी दिन को चुना था।

# सांसद को जीएसटी संबंधी समस्याओं से अवगत कराया



**चांदपुर (चिंगारी)।** द टैक्स बार एसोसिएशन चांदपुर के सदस्यों ने सांसद चंदन चौहान से भेंट कर जीएसटी के अंतर्गत होने वाली विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया। बताया कि जीएसटी विभाग द्वारा नोटिस सीधे व्यापारी को भौतिक रूप से (हार्ड कॉपी) न देकर केवल ई-मेल के माध्यम से भेजे जाना और उसे ही विधिसम्मत मान लेना गलत है। एसोसिएशन का कहना है कि कई छोटे व्यापारी ई-मेल की नियमित जांच नहीं कर पाते, जिसके कारण उन्हें समय पर जानकारी नहीं मिलती और वे अनावश्यक रूप से दंडात्मक कार्यवाही का शिकार हो जाते हैं। यह प्रक्रिया प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है और इसमें सुधार की आवश्यकता है। टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सांसद को बताया कि जीएसटी के अंतर्गत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कि वर्तमान व्यवस्था में कई बार विक्रेता की गलती या तकनीकी कारणों से 2B में एंट्री नहीं आती, जबकि खरीदार ने कर का वास्तविक भुगतान कर दिया होता है। ऐसे मामलों में खरीदार से आईटीसी छीनना अनुचित और व्यापारी विरोधी है। एसोसिएशन के सदस्यों का कहना था कि जीएसटी के अंतर्गत दंडात्मक प्रावधानों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि 100 जैसे मामूली कर अंतर पर 20,000 तक की पेनल्टी लगाना न्याय संगत नहीं है। सांसद को ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सुशील कुमार रस्तौगी, प्रभात गुप्ता, संकेत अग्रवाल, आशीष गोयल, पवन कुमार वर्मा, स्थल गुप्ता, मनु गुप्ता, जावेद अहमद सिद्दीकी, अक्षय रस्तोगी आदि शामिल थे।

# पेपर मिल से चुराया था तार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**किरतपुर (चिंगारी)।** रामा पेपर मिल से चोरी हुये बिजली के तार सहित पुलिस ने पड़ककर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को रामा पेपर मिल से बिजली का तार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कल ग्राम कबाड़ीवाला थाना नजीबाबाद के हंस उर्फ ऋषभ पुत्र रामपाल को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब रामा पेपर मिल से चोरी किये गए तार को बेचने जा रहा था। पुलिस ने हंस से 24 किलोग्राम बिजली का तार काटने की आरी तथा घटना में प्रयुक्त बाइक UP 20 CL 4224 भी बरामद की। पुलिस ने हंस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



## कार से टकराये बाइक सवार
## एक की मौत, दूसरा घायल

**कोतवाली देहात (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव नैरयणी निवासी रवि कश्यप पुत्र बबलू बाइक द्वारा बिजनौर से कोतवाली देहात आ रहा था। जब वह बरूकी के सामने से गुजर रहा था, बरुकी निवासी शौकत (50 वर्ष) ने रवि से लिफ्ट मांग ली। जैसे ही दोनों रहमापुर के निकट पहुंचे, सामने से तेज़ गति से आ रही एक कार से टक्कर हो गई, जिससे शौकत का एक पैर कटकर दूर जा पड़ा। खून अधिक बहने के कारण मौके पर ही शौकत की मौत हो गई तथा रवि की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शौकत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शौकत की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रवि को इलाज के लिए बिजनौर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

# स्कूलों में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर स्थित स्कूलों में लोहड़ी पर्व उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों को लोहड़ी पर्व की महत्ता बताई गई। द हेज़लमून स्कूल में लोहड़ी पर्व पर अग्नि प्रज्वलित की गई तथा मूंगफली और रेवड़ी का वितरण किया गया। स्कूल प्रांगण को पतंगों द्वारा सजाया गया। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर इस पर्व को आनंदपूर्वक मनाया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी आपसी भाईचारे, खुशहाली और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने संदेश में लोहड़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। वहीं दूसरी ओर जेपी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया गया। विद्यालय की प्रबंधक नीतू गुप्ता, प्रधानाचार्य विनीत तोमर, जूनियर विंग कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी, पी.जी.टी. अकाउंटेंसी अध्यापक नवनीत कुमार ने बच्चों को लोहड़ी पर्व के बारे में जानकारी दी।



लोहड़ी में अग्नि प्रज्वलित करती श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल।

# भ्रष्टाचार में लिप्त हैं अधिकारी उपभोक्ताओं का शोषण जारी

**चांदपुर (चिंगारी)।** ग्राम स्याऊ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ठा. रायबहादुर आर्य ने आपूर्ति विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में ठा. रायबहादुर आर्य ने कहा है कि आपूर्ति विभाग की साठगांठ से राशन डीलरों द्वारा उपभोक्ताओं को चार से साढ़े चार किलो राशन वितरण किया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आपूर्ति विभाग में कार्यरत अधिकारी का ड्राइवर नये राशनकार्ड बनवाने के नाम पर लोगों से मनमाने पैसे वसूलता है तथा जो पैसे नहीं देता उसको भगा दिया जाता है। पत्र में कहा गया है कि जब वे ग्राम स्याऊ के लोगों के साथ आपूर्ति कार्यालय गये तो उनके साथ अभद्रता की गई तथा किसी का राशनकार्ड भी नहीं बनाया, जबकि कुछ दिन पूर्व पैसे लेकर कुछ लोगों के राशनकार्ड बनाये गये हैं।

**ठा. रायबहादुर आर्य का आरोप**

## दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**पैजनिया (चिंगारी)।** बीते 29 नवंबर की शाम को सड़क दुर्घटना में घायल हुए पैजनिया निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष डा.बाबूराम पाल के पुत्र की उपचार के दौरान मेरठ के एक अस्पताल में दुःखद मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि नूरपुर मार्ग पर बीते 29 नवंबर की शाम को दो बाइकों की भीषण टक्कर में डा. बाबू रामपाल व उनका पुत्र संजीव पाल (38 वर्ष) घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल संजीव पाल को मेरठ के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान संजीव ने सोमवार की रात्रि दम तोड़ दिया। मंगलवार को संजीव का गंगा बैराज घाट स्थित अंतिम संस्कार कर दिया गया।



फाइल फोटो

**पैजनिया में शोक व्याप्त**

# गन्ना सेंटर पर तौल में गड़बड़ी का आरोप

## किसानों के विरोध के चलते चौकीदार को हटाया

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ के केहरीपुर जंगल स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर एक किसान ने गन्ना तुलाई में गड़बड़ी का आरोप लगाया और भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारियों को सूचित कर दिया। सूचना पाते ही भाकियू (टिकैत) के कुछ पदाधिकारी व अन्य किसान वहां पहुंच गए और प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। किसानों ने मिल अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। किसानों की मांग पर कई मिल अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की जिसके बाद मिल अधिकारियों ने क्रय केंद्र के चौकीदार को उस गन्ना क्रय केंद्र से हटा दिया है। द्वारिकेश शुगर मिल अधिकारी उमेश कुमार सिंह बिसेन ने तौल में गड़बड़ी की तो पूरी तरह पुष्टि नहीं की मगर इतना जरूर कहा कि फिलहाल चौकीदार को हटा दिया गया है। इस मौके पर शुगर मिल के कई अधिकारियों सहित भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान सहित देवेंद्र कौशिक, हरि सिंह, राणा सैनी, मनीष कुमार, चंद्रवीर सिंह, बिरसा सिंह, लखविंदर सिंह, अनीस अहमद समेत अनेक संगठन पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे।



धरने पर बैठे किसान।

## सब्जी बेचने वालों से की जा रही अवैध वसूली

**चांदपुर (चिंगारी)।** खादर क्षेत्र के ग्राम खानपुर खादर व धीवरपुरा में सब्जी बेचने वाले किसानों से 50 व 100 रूपये वसूले जाने के साथ-साथ उनके साथ गाली-गलौच किये जाने पर रोष जताते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की गई। उपजिलाधिकारी चांदपुर को दी गई शिकायत में कहा गया है कि बुधवार को ग्राम खानपुर खादर व शनिवार को ग्राम धीवरपुरा में साप्ताहिक बाजार लगता है। इन दोनों बाजारों में कुछ लोगों द्वारा सब्जी बेचने वाले किसानों से अवैध रूप से 50 व 100 रूपये वसूल किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं किसानों से गाली-गलौच व अभद्रता की जाती है। पत्र में इन दोनों बाजारों में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से की जा रही अवैध वसूली पर अंकुश लगाये जाने की मांग की गई है। शिकायती पत्र देने वालों में अमर सिंह सैनी, रवेन्द्र त्यागी, मनोज कुमार, तुलाराम, हरपाल सिंह, कृष्ण कुमार, अमित कुमार आदि शामिल थे।

# मस्जिद में तोड़फोड़ करने वाले युवक का चालान



नहटौर (चिंगारी)। मस्जिद में घुसे एक युवक ने पथराव कर तोड़फोड़ कर दी। युवक ने आसपास के घरों पर भी पथराव किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक का चालान कर जेल भेज दिया। मंगलवार की शाम को मौहल्ला मौलवियान में स्थित मस्जिद में घुसे युवक शेर अली पुत्र कमाल अहमद निवासी मोहल्ला गुली तालाब (मोलवियान) द्वारा मस्जिद में तोड़फोड़ की गई। परदे व सामान भी इधर-उधर फेंक दिया। आरोपी युवक इतने पर ही नहीं रुका उसने मस्जिद से ही आसपास के घरों को निशाना बनाते हुए पथराव भी किया। जिससे आसपास के घरों के शीशे टूट गये। युवक को मौहल्लेवासियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन युवक नहीं माना। युवक दिमागी रूप से कमजोर बताया जाता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शेरअली को गिरफ्तार कर लिया और उसका शांति भंग में चालान कर दिया। जमानत न मिलने के चलते युवक को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया युवक मानसिक संतुलन खो बैठा है। जिसका चालान कर दिया है।

## गन्ना समिति के गोदाम से 63 कट्टे खाद चोरी

नहटौर (चिंगारी)। ग्राम काजीपुरा (कादीपुरा)स्थित गन्ना समिति धामपुर के खाद गोदाम के ताले तोड़कर चोरों ने 63 कट्टे डीएपी चोरी कर लिये। गन्ना समिति के सुपरवाइजर रजनीश कुमार ने बताया कि उन्होंने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस और विभाग के उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर मुआयना किया। गन्ना समिति के सचिव विनोद कुमार और एससीडीआई अमित कुमार पांडेय ने मौका मुआयना किया। विभागीय अधिकारियों ने नहटौर थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।चोरी हुए खाद की कीमत लगभग 85 हज़ार रुपये बताई जा रही है। थानाध्यक्ष धीरज नागर के अनुसार, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों और संदिग्धों की जांच की जा रही है।

# ग़बन के आरोप में महिला रोज़गार सेवक पर केस दर्ज

## कंप्यूटर ऑपरेटर पर भी साठगांठ का मुकदमा कायम

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोप में पद से हटाए जाने के बाद अब महिला रोजगार सेवक पर गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है जबकि ब्लॉक कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार के खिलाफ भी सांठगांठ का केस दर्ज हुआ है। इन दोनों के खिलाफ यह मामला डीएम के आदेश पर बीडीओ ने थाना अफजलगढ़ में दर्ज कराया है। खंड विकास अधिकारी अफजलगढ़ मनवीर सिंह द्वारा थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दी गई तहरीर में जांच आख्या के आधार पर अवगत कराया है कि ब्लॉक अफजलगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदपुर-उदयपुर की महिला ग्राम रोजगार सेवक श्रीमती शैला अंजुम ने ब्लॉक कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार से सांठगांठ करके अपने पति के अलग-अलग बैंक खातों में तीन श्रमिकों शहाबुद्दीन पुत्र इकबाल, धर्मेंद्र पुत्र रामऔतार, नसीम अहमद पुत्र शराफत हुसैन एवं पांच कुशल श्रमिकों शहाबुद्दीन पुत्र इकबाल, शहाबुद्दीन पुत्र बाबू, करन सिंह पुत्र हरकेश सिंह, सलीम पुत्र अतीक व पूनम देवी पत्नी वीर सिंह के नाम से 481448 रुपए नियम विरुद्ध प्राप्त किए हैं। तहरीर के आधार पर अफजलगढ़ पुलिस ने दोनों आरोपियों शैला अंजुम पत्नी शहाबुद्दीन निवासी ग्राम चांदपुर-उदयपुर थाना रेहड़ व मनोज कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर ब्लॉक अफजलगढ़ के विरुद्ध भा.दं.सं. 1960 की धारा 409 व 120बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ राम प्रताप सिंह ने केस दर्ज किए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है। विदित हो कि महिला रोजगार सेवक के पद पर शैला अंजुम की नियुक्ति सन 2009 में उस समय की गई थी जब उसके ससुर बाबू अंसारी मौजूदा ग्राम प्रधान थे जबकि शासनादेश के मुताबिक इस पद पर मौजूदा ग्राम प्रधान के किसी भी सगे संबंधी की नियुक्ति नहीं की जा सकती है। नियम विरुद्ध नियुक्ति के कारण ग्राम पंचायत चांदपुर-उदयपुर द्वारा शैला अंजुम को गत दिनों रोजगार सेवक के पद से पदमुक्त कर दिया गया है।

**डीएम के आदेश पर हुआ एक्शन**

## स्कूल गई छात्रा लापता

नूरपुर (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी गत 8 जनवरी को स्कूल में प्रयोगात्मक परीक्षा देने गई थी लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो उन्हें चिंता हुई। इधर उधर तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला।पीड़ित का कहना है कि उसकी बेटी रोहित नाम के किसी युवक से फ़ोन पर बात करती थी।पीड़ित ने पुलिस से आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही करने व उसकी बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है।पुलिस आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश में जुट गई है।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया डा. मैटी का जन्मदिन

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय वी.टी. इलेक्ट्रो होमियो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जन्मदाता डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का 217 वीं जयंती मनाई गई। टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर, डिग्री, डिप्लोमा तथा रजिस्ट्रेशन दिए गए। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर हिमांशु शर्मा (असिस्टेंट कमिश्नर एनिमल हसबेंडरी डिपार्मेंट भारत सरकार) ने डॉक्टर मैटी को महात्मा कहते हुए उनके सिद्धांतों को अपनाने और नि:स्वार्थ भाव से मानव सेवा करने का आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर पूनम शर्मा ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी से गरीब एवं असहाय लोगों को कम से कम खर्चे में इलाज करने तथा हानि रहित एवं सस्ती और सुलभ महान चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लाखों करोड़ों लोगों को नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने का आवाहन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आर. के. त्यागी ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी को प्राचीन एवं संपूर्ण चिकित्सा पद्धति बताते हुए प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। उप प्राचार्य डॉक्टर एम. के. कटारिया ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी पूर्ण रूप से विशुद्ध हर्बल एवं स्वस्थ करने में सक्षम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर विजयपाल सिंह ने की। कार्यक्रम में डॉक्टर हाजी डा. अनीसुद्दीन मंसूरी, डॉक्टर अतुल शर्मा, डॉक्टर सुरेश, डॉक्टर सिद्धार्थ मुनि शर्मा, डॉक्टर शेर सिंह, डॉक्टर सी.पी. सिंह, डॉक्टर राहुल चौधरी, डॉक्टर आर.के. आनंद, डॉक्टर कुलदीप, डॉक्टर युसुफ, डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार, डॉक्टर चमन भारद्वाज, डॉक्टर संचित अग्रवाल, डॉक्टर त्रिलोचन शर्मा, डाश ममता, डॉक्टर चंद्रमणि शर्मा, डॉक्टर अकील अहमद, डॉक्टर जबर सिंह, डॉक्टर फारूक आदि ने भाग लिया।




## अवैध शस्त्रों के साथ वीडियो वायरल करने वाले गिरफ्तार

नगीना (चिंगारी)। सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्रों के साथ पिछले वर्ष दो युवकों की वायरल हुई वीडियो के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ग्राम हुर्रनंगला निवासी रोबिन कुमार व अश्वनी कुमार के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने दो तमंचे बरामद किए है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# धोखाधड़ी कर जमीन के पैसे नहीं देने पर तीन के विरूद्ध मुक़दमा दर्ज

नूरपुर (चिंगारी)। कस्बे के मोहल्ला बंजारान निवासी मौहम्मद यूसुफ ने न्यायालय के दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि गाटा संख्या 63 मि. क्षेत्रफल 4.5710 हे. का सहखातेदार दर्ज कागजात है। पीड़ित का आरोप है कि करीब पौने दो वर्ष पूर्व अब्दुल कादिर पुत्र नसीम अहमद निवासी मोहल्ला रविदासनगर ने उससे 167.22 वर्ग मीटर जमीन दो हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से खरीदी थी। जिसकी कुल कीमत तैतिस लाख चार हजार चार सौ चालीस होती है। जमीन के बैनामे में फकरुद्दीन अली पुत्र हनीफ निवासी ग्राम कुण्डा खुर्द व दिलशाद पुत्र रमजान निवासी मोहल्ला रविदास नगरनूरपुर गवाह है।पीड़ित का आरोप है कि सभी लोगों ने हमसाज होकर धोखा देने की नीयत से बैनामे में जमीन की मालियत 16 लाख चालिस हजार रूपए सरकारी कीमत व बैनामा मात्र 6 लाख रुपए का तहरीर करा लिया। उक्त बैनामे में कैनरा बैंक के तीन तीन लाख रुपए के दो चेक विक्रेता को भुगतान करना दर्शाया गया है तथा क्रेता ने अपने खाते से ऑनलाइन 1,36,500 रुपए का भुगतान किया। पीड़ित का अब्दुल कादिर पर कुल 3290940 रूपये बकाया है। पीड़ित का आरोप है कि गत 16 नवम्बर को वह अब्दुल क़ादिर के यहां अपनी शेष रकम लेने गया था। उक्त आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच की तथा धक्का-मुक्की करते हुए पैसे देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

# ठंड से बचाव को अलाव तक नहीं जलवा पा रहे समाजसेवा का डंका बजाने वाले प्रत्याशी

## मौजूदा प्रधान भी निभा रहे औपचारिकता

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। वर्तमान में सुबह से शाम तक कड़ाके की सर्दी का कहर है, लोग ठंड से बचने को तरह-तरह के तरीके भले ही अपना रहे हो मगर ठंड फिर भी उन्हें परेशान किए हुए है। इतने पर भी आगामी पंचायत चुनाव में सदस्य जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा ग्राम प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी खुद को सबसे बड़ा समाजसेवक बताते हुए लोगों से जनसंपर्क में तो लगे हैं लेकिन ठंड से ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलवाने के नाम पर सब चुप्पी साधे हुए हैं। इतना ही नहीं, वर्तमान ग्राम प्रधान भी मात्र औपचारिकता ही निभाते नजर आ रहे हैं। ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी, सीरवासुचंद सहित अनेक ग्राम पंचायतों में यह देखने में आया है कि दुकानदार, रिक्शा चालक, रेहड़ी-ठेले वाले अथवा राहगीर आदि कड़ाके की सर्दी में परेशान हैं, मगर उन्हें अलाव के रूप में आग का सहारा दूर-दूर तक नहीं मिल पा रहा है। गढ़ी-सीरवासुचंद के बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार से होते हुए मोहल्ला धन तक लगभग 2 किलोमीटर लंबे इस मार्ग से लेकर दोनों गांवों में हर तरफ रिक्शा चालक, ठेला रेहड़ी वाले, राहगीर अथवा अन्य मजदूर व दुकानदार ठंड से ठिठुर रहे हैं, मगर संभावित प्रत्याशी कड़ाके की इस सर्दी में अलाव तक की व्यवस्था नहीं करा पा रहे है। कुछ प्रत्याशी तो सिर्फ यह सोचकर चुनाव मैदान से लापता से हो गए हैं ताकि उन्हें चुनाव से पहले इन जन सरोकारों के कामों में कुछ खर्च न करना पड़ जाए। कुल मिलाकर लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं और प्रत्याशी मुकदर्शक बने हुए हैं।

### प्रधान पति का कहना है..

कासमपुर गढ़ी ग्राम पंचायत के प्रधानपति हाजी मौ. रजी का कहना है कि उनके द्वारा गांव में कई जगह अलाव की व्यवस्था कराई गई है और वहां लकड़ी मुहैया कराई जा रही हैं जबकि ग्राम पंचायत सीरवासुचंद के प्रधानपति शकील अहमद का कहना है कि उन्होंने गांव में जगह-जगह अलाव जलवाए हैं और जरूरत के मुताबिक लकड़ियां भी पहुंचाई गई हैं। दोनों ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कहना है कि अलाव के लिए पंचायतों में किसी फंड की व्यवस्था नहीं है, यह अलाव उनके द्वारा जनता के लिए स्वयं की तरफ से निजी खर्चे है जो किया जा रहा है।

### दुकानदार खुद जला रहे अलाव

कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद में कई जगह ग्रामीण अथवा कुछ दुकानदार स्वयं अथवा आपस में कई लोग मिलकर लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव जलाकर ठंड से बचाव का काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्राम प्रधानों अथवा भावी प्रत्याशियों आदि की तरफ से लकड़ियां नहीं मिल पा रही हैं।

# प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, सर्दी में धरने पर डटे हुए किसान

## ठंड में अब तक दो किसान हो चुके बीमार

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन का अपनी मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन 15वें दिन भी जारी रहा। भयंकर सर्दी में चल रहे धरने पर दाउदपुर न्हेड़ा निवासी किसान पप्पू की अचानक तबीयत खराब हो गई। धरना स्थल पर किसान की हालत बिगड़ने की सूचना मिलते ही तुरंत डॉक्टर संदीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर किसान का चेकअप किया। चेकअप के बाद डॉ. संदीप कुमार व डॉक्टर रविंद्र कुमार बीमार किसान को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद ले गये। जहां पीड़ित किसान का पूरी तरह से इलाज किया गया। इसके बाद भी ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में धरना जारी रहा। धरना स्थल पर किसानों ने मूंगफली व रेवड़ी के साथ लोहड़ी का त्यौहार मनाया। किसानों ने कहा कि अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों ने वन विभाग रिजर्व फॉरेस्ट के नजदीक खनन का कार्य चलना गैरकानूनी बताया। किसानों ने कहा कि ठंड केबावजूद किसान धरने पर दिन-रात डटे हुए है। जिसमें दो किसान बीमा हो गए है। इससे पूर्व किसान हुकम सिंह निवासी नांगल बीमार हो चुके है। उनका भी सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया था। धरने पर ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष विदेश राणा, सोनू, गिरिराज, बृजेश सिंह, रजत कुठेर, संदीप भुल्लर, विजेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह, सत्यपाल सिंह, प्रमोद कुमार, राजेंद्र सिंह, अजेंद्र सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, सोमवीर सिंह, बलराम सिंह, तनवीर सिंह, नीतू, पवन आदि मौजूद रहे।



बीमार किसान के साथ धरने पर डटे किसान।

## किसानों ने अवैध खनन के खिलाफ किया जोरदार धरना-प्रदर्शन

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने खनन माफिया बंद करो, किसानों का हक दो, तहसीलदार हाय-हाय व तहसील प्रशासन मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। किसानों का आरोप था कि अवैध खनन से खेत, सड़कें व पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। इसी नाराजगी में किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि अब क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही नजीबाबाद में चल रही अन्य अवैध गतिविधियों पर भी सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें होटलों व संदिग्ध ठिकानों पर कार्रवाई शामिल है। आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह एवं संचालन व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रामोद कुमार ने किया। किसानों ने दोबारा अवैध खनन शुरू होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। धरने में मंडल प्रभारी दलबीर चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चैधरी, तहसील अध्यक्ष नीरज चाहल, जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर, गुड्डू, सिकंदर, विशाल चौधरी, राजकुमार फौजी, बरकत अली, महबूब अली, प्रमोद कुमार आदि किसान मौजूद रहे।



## वसीम कुरैशी की मदद से दुबई से नजीबाबाद पंहुचा शाहरुख का शव

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के युवक की दुबई में मौत होने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। दस दिन के बाद वसीम कुरैशी की मदद से दुबई से युवक शाहरुख का शव नजीबाबाद पंहुचा। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद निवासी मोहम्मद शाहरुख (25वर्ष) पुत्र सईद अहमद दुबई के आबू धाबी में नौकरी करने के लिए गया था, जहां विगत 3 दिसम्बर को युवक की अचानक मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने शाहरुख का शव घर लाने के लिए दुआ फाउंडेशन के हाजी शमीम, हाजी यूनुस कुरैशी, अब्दुल वाहिद, सुल्तान खान आदि के माध्यम से नजीबाबाद निवासी समाजसेवी वसीम कुरैशी से संपर्क कर मृतक के शव को इंडिया लाने के लिए गुजारिश की। वसीम कुरैशी ने तत्काल अपने सबसे अजीज भांजे मोबीन कुरैशी को इस कार्य में लगाते हुए लगभग चार-पांच दिनों तक कड़ी मेहनत कर मृतक शाहरुख के सारे कागजात की पूरी प्रक्रिया कराकर अपने निजी खर्चे पर मृतक के शव को दुबई से मोबीन कुरैशी के साथ इंडिया भेजा। मृतक शाहरुख का शव मंगलवार को फ्री एम्बुलेंस के ड्राइवर सलीम कुरैशी के माध्यम से दिल्ली एयरपोर्ट से उसके गांव तक पंहुचाया गया। मृतक का शव उसके घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। युवक का मंगलवार को काफी संख्या में लोगों ने नम आंखों से दफीना कराया। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी वसीम कुरैशी इससे पूर्व में भी कई शवों को अपने निजी खर्च पर इंडिया भेजने का कार्य कर चुके है। वसीम कुरैशी के इस नेक कार्य की सराहना की है।





## चारों ओर कोहरा छाया, वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। लगातार पड़ रही भीषण व ठिठुरन वाली सर्दी से सभी परेशान है। कड़ाके की ठंड में हर कोई ठिठुर रहा है। जनमानस के साथ पशु, पक्षी, जानवर भी इस सर्दी को झेल रहे हैं। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे है। दुर्घटना से बचने के लिए सड़क पर वाहन यातायात नियमों का पालन कर धीमी गति से चल रहे है। कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। अत्यधिक ठंड होने के कारण लोग घर से कम निकल रहे है। बाजारों में रौनक नहीं दिखाई दे रही है। मैजिक व ई रिक्शा चालकों का कहना है कि ठंड में लोगों के कही बाहर ना जाने के कारण उन्हें आर्थिक स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। उनकी मजदूरी भी नहीं निकल पा रही है।

## सरफराज अहमद ने मॉडलिंग कंप्टीशन में जीता फर्स्ट प्राइज

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद निवासी युवा शाहनवाज अहमद अपनी प्रतिभा से राजधानी से लेकर तमाम बड़े शहरों के साथ विदेशों तक में जनपद बिजनौर का नाम रोशन कर रहे है। रहता है। सरफराज अहमद काफी लंबे समय से मॉडलिंग में अपना कैरियर तलाश कर रहे थे, कड़ी मेहनत व मशक्कत के बाद आखिरकार उन्हें यह मौका मिल ही गया, उनकी मेहनत सफलता में बदल गई। दिल्ली फरीदाबाद शिज्ब ब्यूटी ब्रांड की ओर से हुए ब्यूटी पैगेंट व फैशन रनवे शो इवेंट मे मॉडलिंग कंपटीशन में बाजी मारी। इवेंट में तमाम बड़े शहरों से आए मेकअप आर्टिस्ट, नेल्स आर्ट, मेहंदी आर्टिस्ट, ब्राइड आर्टिस्ट व मॉडल्स ने अपना जलवा दिखाया। इवेंट में मेकअप आर्टिस्ट ने ब्यूटी के टिप्स दिये साथ ही चेहरे को घरेलू तरीकों से सुंदर रखने के बारे में भी बताया। मेकअप आर्टिस्ट कविता ने बताया कि अगर आपको अपना चेहरे व मेकअप को सुंदर बनाना है तो शिज्ब ब्रांड के प्रोडक्ट्स को एक बार जरूर आजमाएं। इवेंट में मॉडलिंग फैशन रनवे कंपटीशन में लगभग 47 फीमेल्स व मेल्स ने हिस्सा लेकर रैंप वॉक कर अपना जलवा दिखाया। जिसमें फर्स्ट प्राइज पर सरफराज अहमद ने अपने नाम की मोहर लगाई तो सेकंड प्राइज प्रत्यक्ष व फीमेल में फर्स्ट प्राइज रिया मॉडल रही। इवेंट में पहुंची सेलिब्रिटी एक्टर नवीना बोल व शिज्ब ब्रांड की डायरेक्टर गीता डागर ने ट्रॉफी व ब्रांड का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। एक्टर नवीना बोल ने भी जमकर शिज्ब ब्रांड की तारीफ की तथा इसे चीप एंड बेस्ट बताया। इवेंट में शहर की तमाम बड़ी हस्तियां व सेलिब्रेटरी मॉडल मौजूद रहे।



## जयंती पर विवेकानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम धनसिनी में योगेश कुमार के आवास पर प्रज्ञा युवा मंडल गायत्री परिवार ने विवेकानंद जयंती पर विवेकानंद के चित्र पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। चौधरी रणवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ ? दीपक कुमार ने कहा कि युवा योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानंद ने शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति का परचम फहराया। युवा शक्ति विवेकानंद को अपना आदर्श माने। सुभाष चंद्र बोस विवेकानंद को अपना आदर्श मानते थे। स्वामी विवेकानंद का सबसे प्रसिद्ध व मूल मंत्र है- उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। निर्बलता सबसे बड़ा अभिशाप है। योगाचार्य विकास, आयुष शर्मा, अशोक, देवेश, श्रेय, अरुण, मनोज आदि मौजूद रहे।

# मेलों से अपनी संस्कृति से रू-ब-रू होते हैं : अनुपमा रावत

## गेंद मेले में दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

**लालढांग ( चिंगारी )।** लालढांग लोक सांस्कृतिक गेंद मेला समिति द्वारा तीन दिवसीय गेंद मेले के दूसरे दिन का शुभारंभ हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने किया। विधायक अनुपमा रावत ने कहा कि इस प्रकार के मेले से अपनी संस्कृति से रूबरू होने का व आपसी मेलमिलाप को बढ़ावा मिलता है। ऐसे मेले को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विधायक ने मेले को राजकीय मेला किये जाने के विषय में बताया कि 2015-16 में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा इसे राजकीय मेला घोषित करने का प्रयास किया गया था, जिसका रजिस्ट्रेशन होने पर सांस्कृतिक विभाग द्वारा उनको हर वर्ष प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान था, किन्हीं कारण से यह आगे नहीं बढ़ पाया उनके द्वारा इस प्रस्ताव को सदन में रखा जाएगा।

गेंद मेले में पहुंचे श्यामपुर थानाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा इस प्रकार के मेले से आपसी भाई चारे को बढ़ावा मिलता है। साइबर क्राइम से सतर्क रहने व नशे से दूर रहने व नशीले पदार्थ बेचने वाले की सूचना पुलिस को देने की अपील की। गेंद मेला का




दूसरा दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा पंजाबी, कुमाऊंनी, नेपाली व गढ़वाली लोकगीतों से अपनी अपनी सांस्कृतिक शैली में प्रस्तुति देकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मेले में पहुंचे दर्शकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दे रहे। बच्चों की कला क्षमता को उत्साह वर्धन के लिए तालिया की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह वर्धन किया। मेले में मनोरंजन के लिए बड़े बड़े झूले विभिन्न प्रकार की दुकानों से चारों ओर मैदान पर मेला सजा हुआ है, जिसका आनंद दर्शक पहुंचकर मेले का भ्रमणकर अपना मनोरंजन कर रहे हैं।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान कमलेश द्विवेदी, प्रकाश डोबरियाल, महेश्वरी देवी, राजेश्वरी देवी, यशपाल रावत, योगेश्वर सिंह, देवेंद्र रतूड़ी, राजेंद्र रतूड़ी ,जयचंद चतुर्वेदी, चंद्रमोहन सिंह आदि शायद बड़ी संख्या में दशकों में पहुंचकर मेले का आनंद लिया।

## मवाकोट मैदान में हुआ गेंद मेले का शुभारंभ


**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शंकर दत्त जोशी गेंद मेला समिति की ओर से मवाकोट गेंद मेला मैदान में तीन दिवसीय 122वां गेंद मेला शुरू हो गया है। इस मौके पर आयोजित अंतर विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में डेफोडिल्स ने इंटर कालेज मोटाढाक को हराया। गेंद मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि एएसपी चंद्रमोहन सिंह व



विशिष्ट अतिथि शिक्षक हुकम सिंह नेगी ने किया। तत्पश्चात बालक वर्ग विद्यालयी बालीबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल ने इंटर कॉलेज मोटाढाक को 15-0, 15-6 के अंतर से हराया। बालिका वर्ग में नवयुग पब्लिक स्कूल ने पृथ्वी विद्या मंदिर को 15-6, 15-3 के अंतर से हराया। रेफरी की भूमिका अंकित खंतवाल, विवेकानंद व अनीता बिष्ट और स्कोरर की भूमिका धीरेंद्र कंडारी ने निभाई। मैच का आंखों देखा हाल हरवेंद्र, नवीन केष्टवाल ने सुनाया। इससे पूर्व पूजा अर्चना के बाद विधिवत रूप से गेंद को मवाकोट मैदान में लाया गया। इस मौके पर गेंद मेला समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह रावत, संरक्षक हरेंद्र मणि जोशी, आर पी पंत, सुभाष चंद्र कोठारी, पितृशरण जोशी, पार्षद शशिकांत जोशी, प्रमोद बहुखंडी, संतोष जोशी मौजूद रहे।

## लालबत्ती चौक पर लगाई तीलू रौतेली की प्रतिमा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर के लालबत्ती चौक पर उत्तराखंड की वीरबाला तिलू रौतेली की प्रतिमा स्थापित की गई। जल्द ही यह चौक वीरबाला तिलू रौतेली के नाम से जाना जाएगा, जो कि सुसज्जित लाइटों से जगमगाएगा। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने यह जानकारी दी। जनवरी 2023 में तत्कालीन महापौर हेमलता नेगी ने रेड लाइट पर प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया था। लेकिन प्रशासन से अनुमति न मिलने के कारण उस समय अस्थायी जीप स्टैंड के पास स्थापित कर दिया गया था, हालांकि उस दौरान भी कई लोगों ने इस प्रतिमा को भी चौराहे में लगाने की बात कही थी। 2 वर्ष बाद अब नगर निगम बोर्ड की



बैठक में एक बार फिर इस प्रतिमा को मुख्य चौराहे पर लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया और बीती रात मुख्य चौक पर तिलु रौतैली की प्रतिमा स्थापित कर दी गई है।

## अभाविप का सराहनीय कार्य

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में 15 से 30 जनवरी तक होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई की ओर से नि:शुल्क आवास और भोजन व्यवस्था की जायेगी। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए परिषद के आयुष त्रिपाठी ने बताया कि परिषद की ओर से अब तक प्रत्येक सेना भर्ती में इस तरह की व्यवस्था की जाती रही है। कहा कि अभ्यर्थियों के लिए सरस्वती भवन, डिफेंस कॉलोनी, वार्ड नं.- 8, नजीबाबाद रोड, कोटद्वार में नि:शुल्क आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है।

## उत्तराखण्ड का अस्तित्व महिलाओं के ऊपर निर्भर : सूर्यकान्त धस्माना

### डाडामण्डी गेंद मेले में महिलाओं की प्रतिभागिता को सराहा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधानसभा के डाडामंडी में आयोजित गेंद मेले में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना व कोटद्वार नगर निगम मेयर शैलेंद्र रावत ने प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागी टीमों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड का अस्तित्व महिलाओं के ऊपर निर्भर है और उनकी रक्षा करना व उनके उत्थान के लिए कार्य करना हमारे पूरे समाज की जिम्मेदारी है। कहा कि महिलाएं मेले में आयोजित विभिन्न अतिविधियों में प्रतिभाग कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने ऐतिहासिक मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अगले वर्ष का मेला ऐतिहासिक और भव्य होगा और उसमें क्षेत्र के सभी महिला मंगल दलों को वे स्वयं सम्मानित करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि कोटद्वार नगर निगम मेयर शैलेन्द्र रावत ने मेले के आयोजन के लिए समिति को बधाई देते हुए कहा कि हमारे कौथिग हमारे मेले हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाते हैं। कहा कि हमें अपनी बोली भाषा व संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। इस दौरान मेले में ग्रामीण महिलाओं द्वारा थड़िया चौफ़ला नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यू बौंठा की टीम ने पहला, भेल्डा मल्ला ने दूसरा और बछेली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मेला समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष रोशनी देवी, सचिव किशन सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रावत सह सचिव मुकेश बड़थ्वाल, सतीश देवरानी, आशीष तिवारी, दीपक चौहान और नरेश देवरानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## ग्राम रथुवाढाब में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन

### 39 शिकायतें आईं, 37 मौके पर निपटाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड रिखणीखाल की न्याय पंचायत धामधार के रथुवाढ़ाब में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों द्वारा कुल 39 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 37 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से 194 लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया, जबकि 8 लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र भरे गए।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन द्वारा सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, समाज कल्याण, पंचायतीराज, खाद्य पूर्ति, राजस्व विभाग सहित कुल 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं एवं मांगें संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रेनू रावत, नोडल अधिकारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सोमनाथ गर्ग, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, सहायक खंड विकास अधिकारी पी.सी. असवाल, ग्राम प्रधान कांडा विनीता ध्यानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# तरक़्क़ी कर रहा ऑनलाइन बाज़ार, हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं दुकानदार

## साप्ताहिक बाज़ारों व फड़ों पर सस्ता सामान मिलने से दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ीं

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिला मुख्यालय पर लगने वाले साप्ताहिक बुध और इतवार बाजारों में ग्राहकों की बेशुमार भीड़ व ऑनलाइन के बढ़ते कारोबार ने स्थानीय दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दुकानदार लगभग बेरोज़गार से हो गये हैं। दुकानदारों का कहना है कि नियमों और खर्चों के कारण वे प्रतिस्पर्धा में पिछड़ते जा रहे हैं। स्थायी दुकानदारों के अनुसार उन्हें दुकान का किराया, बिजली-पानी का बिल, रखरखाव (मेंटिनेंस) और वस्तु एवं सेवा कर (GST) जैसे कई खर्च वहन करने पड़ते हैं। इसके विपरीत फड़ और साप्ताहिक बाजार में सामान बेचने वालों को न तो दुकान का किराया देना पड़ता है, न ही मेंटिनेंस का खर्च उठाना होता है। अधिकतर मामलों में वे GST के दायरे से भी बाहर रहते हैं। इसी कारण वे सस्ते दामों पर सामान बेचते हैं। ऑनलाइन भी घर बैठे सामान थोड़ा सस्ता मिलता है।



दुकानदारों ने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि दिल्ली से एक चश्मा 100 रुपये में खरीदा जाता है तो GST लगने के बाद दुकानदार को वही चश्मा 118 रुपये का पड़ता है। ऐसे में यदि वह इसे 125 रुपये में बेचता है, तो उसे केवल 7 रुपये का मुनाफा होता है। वहीं फड़ वाला बिना GST के वही चश्मा 100 रुपये में खरीदकर 120 रुपये में बेच देता है और 20 रुपये तक कमा लेता है। इस स्थिति में ग्राहक स्वाभाविक रूप से सस्ता सामान देने वाले की ओर आकर्षित होता है। व्यापारियों का कहना है कि पहले से ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के कारण उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग में भारी छूट और घर बैठे डिलीवरी की सुविधा ने छोटे दुकानदारों की बिक्री घटा दी है। अब साप्ताहिक बाजारों और फड़ कारोबार ने बची-खुची कसर भी पूरी कर दी है। कई दुकानदारों का दावा है कि उनकी बिक्री 40 से 60 प्रतिशत तक गिर चुकी है। कुछ लोगों को दुकानें बंद करने तक की नौबत आ गई है। स्थानीय व्यापारी संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि फड़ और साप्ताहिक बाजारों के लिए भी स्पष्ट नियम बनाए जाएं। उनका कहना है कि यदि सभी पर समान कर व्यवस्था और नियम लागू हो, तो प्रतिस्पर्धा निष्पक्ष हो सकती है। साथ ही साप्ताहिक बाजारों को सीमित क्षेत्र और समय तक ही अनुमति देने की भी मांग उठाई जा रही है। इस संबंध में कुछ ग्राहकों का कहना है कि महंगाई के दौर में वे वहीं से खरीदारी करते हैं, जहां सामान सस्ता मिलता है। ग्राहक हित के साथ-साथ दुकानदारों के रोजगार की सुरक्षा के लिए संतुलित नीति बनाए जाने की आवश्यकता है। फिलहाल यह मुद्दा बिजनौर के व्यापारिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में जिले के छोटे और मध्यम दुकानदारों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

# कोहरे के कारण सड़क के एक ओर तालाब में जा गिरी कार



## सभी सवार सुरक्षित बचे

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। आज प्रात: घने कोहरे के कारण अफजलगढ़ की ओर से जसपुर की तरफ जा रही एक कार जिकरीवाला के पास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में जा गिरी। गनीमत रही कि इस हादसे में कार में सवार दो महिलाओं सहित सभी चारों व्यक्ति सकुशल बच गए। कासमपुर गढ़ी स्थित विवेकानंद पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई मनवीर सिंह ने बताया कि हरिद्वार की ओर से आ रहे उत्तराखंड निवासी कार सवार सभी सवारियां एक ही परिवार से हैं और सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि कार को निकलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विवेकानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। ग्राम धनसिनी में योगेश कुमार के आवास पर प्रज्ञा युवा मंडल गायत्री परिवार ने विवेकानंद जयंती पर विवेकानंद के चित्र पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। चौधरी रणवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि युवा योद्धा संन्यासी स्वामी विवेकानंद के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति का परचम फहराया। युवा शक्ति विवेकानंद को अपना आदर्श मानें। सुभाषचंद्र बोस विवेकानंद को अपना आदर्श मानते थे। स्वामी विवेकानंद का सबसे प्रसिद्ध व मूल मंत्र है-उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। निर्बलता सबसे बड़ा अभिशाप है। योगाचार्य विकास, आयुष शर्मा, अशोक, देवेश, श्रेय, अरुण, मनोज आदि मौजूद रहे।

## उत्साह के साथ मनाया लोहड़ी का पर्व



बिजनौर ( चिंगारी )। यहां शुगर मिल के पास स्थित कपिल नरूला के प्रतिष्ठान पर लोहड़ी का पर्व उत्साह के मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नृत्य किया। लोहड़ी जलाई तथा रेवड़ी, मूंगफली, पॉपकॉर्न व टॉफी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता नरूला, कपिल नरूला, सुरभि नरूला, कुंज नरूला, विकास, राखी, मदनलाल, जितेंद्र नरूला, राखी सेठी, शुभम, जोगिंदर, मनोज शर्मा, सूर्यदेव आदि मौजूद रहे।

गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor